राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 313
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 06 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 12 साल से खाली भूखंडों का आवंटन निरस्त होगा
पेज 4 जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने किया संचारी रोग नियंत्रण एवं
पेज 6 सैमसन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शायद ही नजर आयें

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम से फरार सजायाफ्ता कैदी तमिलनाडु से गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिले की भौंडसी जेल से पैरोल लेकर फरार हुए एक सजायाफ्ता कैदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच और भौंडसी थाना पुलिस ने आरोपी को तमिलनाडु से अरेस्ट किया है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सदाबाग गेट गद्दे वाला मोहल्ले का रहने वाला है और 10 फरवरी 2021 को हत्या के मामले में जेल में बंद था। पांच अप्रैल 2025 को भौंडसी जिला जेल अधीक्षक की ओर से पुलिस को शिकायत मिली थी कि थाना सेक्टर-50 के अंतर्गत हत्या की एफआईआर नंबर संख्या 67 के तहत 23 फरवरी 2021 से आजीवन कठोर कारावास की सजा काट रहा सुभाष 24 जनवरी को पैरोल पर गया था।

### राखड़ से भरे ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, आग लगने से जिंदा जल गए दो लोग

**नई दिल्ली।** राखड़ से भरे ट्रक ने फिर दो लोगों की जान ले ली। राखड़ से भरे ट्रक ने ई-बाइक को रौंद दिया। ई-बाइक सवार दोनों लोग ट्रक में दब गए। इसके बाद ई-बाइक में आग लगने के कारण बाइक सवार दोनों लोग जिंदा जल गए। भीषण सड़क हादसा रविवार को इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाइवे पर मोरटक्का चौकी क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसे के बाद मोरटक्का चौकी पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने व्यवस्था संभाल जाम खुलवाया।

# दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड- 23 की मौत, 2 हजार टूरिस्ट फंसे

**सीएम ममता बनर्जी आज प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी; हिमाचल में सीजन की पहली बर्फबारी**

**दार्जिलिंग/शिमला।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में तेज बारिश के बाद शनिवार रात हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 23 हो गई है। इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। मलबे में कई घर बह गए।

दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है। पर्यटन सीजन होने के कारण दार्जिलिंग और सिक्किम में 2 हजार से ज्यादा पर्यटक फंसे हैं।

दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार, कालिम्पोंग, और अलीपुरदुआर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

### नेशनल हाईवे टूटा, ट्रेन रद्द

दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे के एक ब्रिज के टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद हो गया है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गई हैं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान लबालब हो गए हैं।





### हिमाचल में सीजन की पहली बर्फबारी, इस बार करीब 20 दिन पहले

पश्चिमी विक्षोभ के असर से हिमाचल के लाहौल-स्पीति, मनाली, चंबा और धौलाधार की पहाड़ियों पर सीजन की पहली बर्फबारी हुई है। इस बार बर्फबारी सामान्य से करीब 20 दिन पहले हुई। बारिश और बर्फबारी से तापमान 4 डिग्री तक गिर गया है। मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में सोमवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रोहतांग दर्रे पर फिसलन बढ़ने से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

# पहलगाम हमले के आतंकियों को मोबाइल चार्जर दिया, चार बार मुलाकात की

**11 दिन पहले पकड़े गए मददगार का खुलासा**

**जम्मू-कश्मीर।** पहलगाम हमला करने वाले आतंकियों के मददगार मोहम्मद यूसुफ कटारी ने कई खुलासे किए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया कि कटारी ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने आतंकियों से चार बार मुलाकात की थी। उन्हें मोबाइल चार्जर भी दिया था।

दरअसल पुलिस ने कटारी को 24 सितंबर को अरेस्ट किया था। 26 साल का कटारी कुलगाम का रहने वाला है। कटारी ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था।

कटारी की गिरफ्तारी ऑपरेशन महादेव के दौरान जब्त हथियारों की जांच की वजह से हुई। इससे पहले जून में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था।

जांच में पता चला कि तीन आतंकियों लश्कर कमांडर सुलेमान शाह, अफगान और जिबरान ने यह हमला किया था।

### प्रदर्शन




अखिल भारतीय छात्र संघ के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर लद्दाख के साथ एकजुटता में प्रदर्शन में भाग लेते हुए।

# दीपावली-छठ पर हवाई किराया बढ़ाने वालों पर सख्ती होगी

**1700 एक्स्ट्रा फ्लाइट्स होंगी, इनमें सबसे ज्यादा इंडिगो की 730 उड़ानें**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीपावली सीजन पर इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी कंपनियों ने 1,700 से ज्यादा एक्स्ट्रा फ्लाइट्स बढ़ाने का ऐलान किया है।

यह फैसला रविवार को डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के साथ हुई मीटिंग के बाद लिया गया।

मीटिंग में डीजीसीए ने एयरलाइंस के मनमाने किराया बढ़ोत्तरी पर भी सख्ती की है। डीजीसीए ने कहा- मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन के कहने पर हाई डिमांड वाले रूट्स पर नजर है, ताकि किराए मनमाने ढंग से ना बढ़ाया जाए।




### ईंधन की कीमत बढ़ने से महंगा हुआ टिकट

2025 में एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से टिकट की कीमतें और भी ज्यादा प्रभावित होने की उम्मीद है। पिछले चार महीनों में एटीएफ की कीमतों में लगभग 12,000 प्रति किलोलीटर की वृद्धि हुई है। चूंकि एटीएफ एक एयरलाइन के ऑपरेशनल कॉस्ट का 50 प्रतिशत से अधिक होता है, इसलिए इसकी कीमत का सीधा असर टिकटों पर पड़ता है।

डीजीसीए की मीटिंग के बाद इंडिगो ने 42 रूट्स पर 730 अतिरिक्त फ्लाइट्स, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने 20 रूट्स पर 486 फ्लाइट्स, और स्पाइसजेट ने 38 रूट्स पर 546 फ्लाइट्स जोड़ने का ऐलान किया। कुल मिलाकर दिवाली सीजन पर 1,700 एक्स्ट्रा फ्लाइट्स उड़ेंगी।

# वांगचुक की मांग : लेह हिंसा की न्यायिक जांच हो

**कहा- जब तक ऐसा नहीं होता, जेल में रहूंगा; 4 लोगों की जान गई थी**

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक ने लेह हिंसा के दौरान हुई 4 लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने जोधपुर सेंट्रल जेल से एक पत्र लिखा है, जो रविवार को जारी किया गया।

वांगचुक ने लिखा- जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों और गिरफ्तार लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं। 4 लोगों की मौत की जांच एक स्वतंत्र न्यायिक आयोग से होनी चाहिए, जब तक ऐसा नहीं होता, मैं जेल में ही रहूंगा।



यह लेटर एडवोकेट मुस्तफा हाजी ने साझा किया है, जो लेह एपेक्स बॉडी के कानूनी सलाहकार हैं।

उन्होंने और वांगचुक के भाई भाई त्सेतन दोरजे ले ने 4 अक्टूबर को जेल में वांगचुक से मुलाकात की थी। दरअसल, वांगचुक को 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल जोधपुर की जेल में हैं। वांगचुक की रिहाई की मांग को लेकर लगाई गई हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका पर 6 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### वांगचुक ने केडीए का समर्थन किया


वांगचुक ने कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं और सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने लेटर में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने लिखा- लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की हमारी मांग संवैधानिक और न्यायसंगत है। एलएबी जो भी कदम लद्दाख के हित में उठाएगा, मैं उसके साथ पूरी तरह हूं।

### कवर्धा में भीषण सड़क हादसा, बोलेरो और ट्रक की टक्कर में 4 की मौत; 5 घायल

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में बड़ी दुर्घटना घटी है। जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां सवारी से भरे महिंद्रा बोलेरो और ट्रक में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे चार लोगों की मौत हो गई है और पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। थाना क्षेत्र के अकलघरिया के पास हुए इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद दो और लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। घायलों का इलाज जारी है।

**दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने ली करवट**

# आधी रात को हुई बारिश और चलीं तेज हवाएं



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में आज सोमवार (06 अक्टूबर, 2025) को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इससे पहले मौसम विभाग ने भी मूसलाधार बारिश की संभावना जताई थी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए यलो अलर्ट जारी किया था। रविवार-सोमवार के बीच की रात में दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में तेज बारिश और 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार बताए थे।

मौसम विभाग की अगर मानें तो उत्तर-पश्चिम भारत में भारी बारिश, तूफान, बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई। जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, पश्चिम राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान को बारिश हो सकती है।

इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में एकल स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना जताई। साथ ही 8 अक्टूबर से अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना भी जताई।

### मौसम विभाग ने जारी किया था येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया था, जिसका मतलब है कि मौसम खराब हो सकता है। ऐसे में निवासियों को सतर्क रहने और नवीनतम मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी जाती है। खासकर यात्रा के दौरान सावधानी बरतने, बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने तथा अगर संभव हो तो घर के अंदर ही रहने की बात की जाती है।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू सुबह-सुबह अखबार पढ़ रहा था, जिसमें एक जगह लिखा था- 'पत्नी छोड़ो, झोला पकड़ो'! यह पढ़कर पति का सिर चकरा गया...
फिर उसने दोबारा पढ़ा तो समझ आया, लिखा था - 'पन्नी छोड़ो, झोला पकड़ो'...!



## शायरी

मिरा वजूद ओ अदम भी इक
हादसा नया है
मैं दफ़्न हूं कहीं कहीं से निकल
रहा हूं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,207.17
+223.86 (0.28%)
निफ्टी:
24,894.25
+57.95

## मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 22 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 23
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 30

# कटक में दुर्गा विसर्जन के दौरान हिंसा, 2 गुट भिड़े

**गाड़ियां जलाईं, दुकानों में तोड़फोड़; इंटरनेट डाउन, वीएचपी ने आज बंद बुलाया**

**कटक।** ओडिशा के कटक में रविवार को दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हुई हिंसक झड़पों के बाद हालात तनावपूर्ण बने हैं। प्रशासन ने पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी है। इंटरनेट सर्विस भी बंद हैं।

दो गुटों में झगड़े के बाद भड़की हिंसा में 25 लोग घायल हुए हैं। अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। शहर के कई इलाकों में रविवार रात 10 बजे से अगले 36 घंटे तक कर्फ्यू लागू रहेगा।

विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को सुबह से शाम तक 12 घंटे का बंद बुलाया है।

विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता ने कहा- प्रशासन बार-बार अनुरोध के बावजूद शांतिपूर्ण विसर्जन सुनिश्चित नहीं करा पाया।



# कफ सिरप को लेकर केंद्र की हाईलेवल मीटिंग

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने रविवार को कफ सिरप से मौत के मामलों को लेकर राज्यों से हाईलेवल मीटिंग की। उस दौरान उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि दवा बनाने के नियम का पालन करवाएं। बैठक में तय हुआ कि 19 दवा कंपनियों की स्पेशल जांच होगी, निगरानी बढ़ाई जाएगी और राज्यों के बीच मदद और जानकारी का आदान-प्रदान मजबूत होगा। डॉ. राजीव बहल ने कहा कि बच्चों को बिना जरूरत खांसी का सिरप नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इनके फायदे कम और खतरे ज्यादा होते हैं। इधर, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्री सन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 16 बच्चों की मौत हो चुकी है। इन सभी की उम्र 1- 5 साल के बीच थी। हालांकि प्रशासन ने अब तक सिर्फ 11 मौतों की पुष्टि की है।

# जैसलमेर में एमडी ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़

**राजस्थान एटीएस ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार**

एजेंसी

**जोधपुर।** राजस्थान एटीएस ने एमडी ड्रग्स नेटवर्क के मास्टरमाइंड कमलेश बिश्नोई उर्फ कार्तिक को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

कमलेश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वांछित था।

पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि हाल में राज्य में नशीले पदार्थों की आपूर्ति और खपत में खतरनाक वृद्धि देखी गई। एटीएस की टीम पिछले तीन दिनों से जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में सक्रिय थी। रविवार सुबह जैसलमेर के सांकड़ा थाना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार किया गया।

धोरीमन्ना निवासी कमलेश के खिलाफ तीन राज्यों में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह मध्य प्रदेश के खरगोन से अवैध हथियार लाकर राजस्थान में सप्लाई करता था और पुणे में मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है।

जेल के पुराने साथियों के साथ मिलकर उसने एक संगठित अंतरराज्यीय गैंग बना लिया था।

**टोल पेमेंट सस्ता**

**फास्टैग नहीं होने पर यूपीआई से 1.25 गुना ही देना होगा; नया नियम 15 नवंबर से लागू**

# यूपीआई से टोल पेमेंट सस्ता हुआ, कैश में दोगुना चार्ज

**नई दिल्ली।** सरकार ने फास्टैग के नियमों में बदलाव किया है। जिन ड्राइवरों के पास वैलिड फास्टैग नहीं होगा और वो यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तो उन्हें रेगुलर टोल का 1.25 गुना देना पड़ेगा। वहीं अगर कैश पेमेंट करते है तो पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। नए नियम 15 नवंबर से लागू होंगे।

टेक्निकल खराबी या बैलेंस कम होने की स्थिति में ये नियम फायदेमंद होगा। ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर राज्यों के बीच फास्टैग ठीक से न चलने पर डबल पेनल्टी देनी पड़ती है। अब उनके पास यूपीआई से पेमेंट का ऑप्शन होगा, जिसमें कम पेनल्टी लगेगी।




### टोल कलेक्शन पर असर नहीं होगा

सरकार को लगता है कि नए नियम से रेवेन्यू पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि 98 प्रतिशत टोल पेमेंट पहले से ही फास्टैग से हो रहे हैं। इसका असली मकसद पेनल्टी से कमाई नहीं, बल्कि कैश ट्रांजैक्शन खत्म करना और यात्रियों के लिए सफर को आसान बनाना है।

### 3,000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग

इससे पहले 15 अगस्त से सरकार ने नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए सालाना फास्टैग पास लॉन्च किया था। इस पास की कीमत 3,000 रुपए है।

इस पास के जरिए यूजर्स 200 बार टोल क्रॉस कर सकते हैं। इससे एक टोल क्रॉस करने की कीमत करीब 15 रुपए आएगी और देशभर के नेशनल हाईवे के टोल पर भीड़ कम होगी।

### बैंक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीद सकते हैं फास्टैग

देश के किसी भी टोल प्लाजा से आप फास्टैग खरीद सकते हैं। इसके अलावा एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, कोटक बैंक की ब्रांच से भी आप इसे खरीद सकते हैं।

पेटीएम, अमेजन, गूगल पे जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी आप इसे खरीद सकते हैं। फास्टैग खरीदते समय आपके पास आईडी प्रूफ और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कार्ड होना जरूरी है।

# 12 साल से खाली भूखंडों का आवंटन निरस्त होगा

## वर्क सर्किल ने सौंपी 10 भूखंडों की सूची, बाकी को छह महीने का समय

**नोएडा।** आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड जिन पर 12 साल अधिकतम टाइम एक्सटेंशन के बाद भी निर्माण नहीं किया गया है। भूखंड खाली है इनको निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे करीब 10 भूखंडों की सूची प्राधिकरण के वर्क सर्किल की ओर से दी गई है। जबकि 9 ऐसे भूखंड है जिन पर आंशिक निर्माण किया गया है या वो निर्माणाधीन है। ऐसे भूखंडों पर आवंटी को निर्माण पूरा कर अधिभोग प्रमाण पत्र लेने के लिए छह महीने का समय दिया गया है। इसके बाद किसी प्रकार का समय नहीं दिया जाएगा।




### प्रतिसाल एक प्रतिशत की दर से मिलना था समय विस्तार

दरअसल, प्राधिकरण की 205वीं बोर्ड में आवासीय और ग्रुप हाउसिंग भूखंड में निर्धारित समय में निर्माण पूरा नहीं कराने पर लीज डीड की शर्त के अनुसार टाइम एक्सटेंशन पहले साल के लिए आवंटन दर का एक प्रतिशत, दूसरे साल के लिए 2 , तीसरे के लिए 3 , चौथे साल के लिए 4 प्रतिशत इसी तरह 10 साल अतिरिक्त समय के लिए कुल आवंटन दर का 10 प्रतिशत देने का नियम था। इसके बाद भी आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया।

### तीन महीने का दिया गया अतिरिक्त समय

ऐसे में 208वीं बोर्ड में आंशिक संशोधन करते हुए नियमों में बदलाव किया गया और आवंटी को स्पष्ट कहा कि 12 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी जिन आवंटियों ने अधिभोग प्रमाण पत्र नहीं लिया है। उनको 31 मार्च 2023 तक का समय दिया जाता है।

इस समय सीमा का लाभ भी कई आवंटियों ने नहीं लिया। न तो निर्माण करवाया और न अधिभोग प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्राधिकरण ने एक बार पुर से 214वीं बोर्ड में तीन महीने एक्सटेंशन देते हुए अंतिम अवसर दिया। इसके बाद भी आवंटियों ने निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया।

ऐसे में प्राधिकरण स्पष्ट कहा कि खाली भूखंडों का आवंटन निरस्त किया जाए। साथ ही जिनके भूखंडों पर निर्माण हो रहा है उन्हें छह महीने में निर्माण कर अधिभोग प्रमाण पत्र हासिल करना होगा।

### खाली पड़े भूखंड

एम-40/66, एम-41/66, बीएस-149/70, एसके-31/112, डी-18/52, डी-19/52, सी-180/49, ई-98/22/50, डी169/39/50,डी166/14/50

### जिन पर किया गया निर्माण

बीएच-26/70, जीटी-33/70, एसके-129/112, डी-169/17 सेक्टर-50, सी-78/52, बीआर -20/45, सी-40/14, 01/जीएच-3/105

# नोएड : तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरी

**नोएडा। वकार सैफी।** सेक्टर 24 क्षेत्र में एलिवेटेड रोड के सामने सर्विस रोड किनारे नाले में, एक उल्टी दिशा से सर्विस रोड पर आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो कर नाले में जा गिरी। जिसके बाद वहा पर हड़कंप मच गया, और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। कार में सवार एक महिला और एक पुरुष कार से सकुशल बाहर आ गए। कार को भी हाइड्रा की मदद से बाहर निकला गया। वही हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बता दे कि नाले में गिरी कार को हाइड्रा क्रेन की मदद से बाहर निकला गया उस कार में एक महिला और एक पुरुष सवार थे। जिनको कार से सकुशल बाहर निकला गया। सेक्टर 24 थाना प्रभारी ने बताया कि यह हादसा शनिवार की रात करीब 9: 30 बजे के आस पास हुआ, जब एक उल्टी दिशा से सर्विस रोड पर आ रही टाटा पंच कार तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो कर नाले में जा गिरी। इस बीच घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना मिलते ही सेक्टर 24 थाने की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची गई। पुलिस के कार्रवाही करते हुए नाले से कार को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन मंगवाई।



इसके बार क्रेन के जरिए कार को नाले से निकाला जा सका। कार में सवार चालक विवेक नयन और कार में सवार महिला सकुशल बाहर आ गए, उन्हे कोई गंभीर चोट नही आई है। पूरा रेस्क्यू आपरेशन करीब आधे घंटे तक चला, इस बीच इस हादसे का रेस्क्यू आपरेशन का वीडियो बना कर किसी ने सोशल मीडिया पर धाल दिया जो वायरल हो रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में ढाबा कर्मचारी की पीट-पीटकर हत्या

## खाना देने से मना करने पर हुई वारदात, 3 आरोपियों पर केस

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी दो सोसाइटी के पास एक ढाबे के कर्मचारी की शुक्रवार देर रात पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह वारदात खाना देने से मना करने को लेकर हुए झगड़े के बाद हुई। ढाबा संचालक की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

मूल रूप से मुजफ्फरनगर के रहने वाले वरुण कौशिक गौर सिटी सोसाइटी के पास गोपाल जी नाम से ढाबा चलाते हैं। वरुण कौशिक ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे एक युवक ढाबे पर पहुंचा और शटर खुलवाकर खाना देने की मांग करने लगा। वरुण ने ढाबा बंद होने का हवाला देते हुए खाना देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। वरुण और उनके कर्मचारियों ने आरोपी के साथ मारपीट की, जिसके बाद वह उन्हें देख लेने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद वरुण और एक अन्य कर्मचारी अपने कमरे पर चले गए, जबकि कर्मचारी नीटू कश्यप ढाबे के अंदर ही सो गया। कुछ ही देर बाद आरोपी अपने दो अन्य साथियों के साथ ढाबे पर वापस आ गया। आरोपियों ने ढाबे में सो रहे कर्मचारी नीटू कश्यप को बेरहमी से पीटा। मारपीट के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से नीटू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिसरख कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि सहारनपुर निवासी नीटू कश्यप की हत्या खाना मांगने को लेकर हुए झगड़े में की गई है।

# भाकियू लोकशक्ति का संगठन विस्तार, नोएडा प्राधिकरण की अनदेखी पर आंदोलन की चेतावनी

विशाल इंडिया संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के गांव ममूरा में आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति (भाकियू लोकशक्ति) का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री वेदपाल की अध्यक्षता और अरूण गौतम (उपाध्यक्ष, युवा महानगर) के संचालन में हुई इस बैठक में दर्जनों नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने नोएडा प्राधिकरण पर गंभीर आरोप लगाते हुए आंदोलन की रणनीति तैयार करने का ऐलान किया।

चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि 1976 में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने लोकलुभावन वादों के बहाने बुजुर्गों से जमीन कौड़ियों के दामों पर हड़प ली थी। तब से किसान अपने हक के लिए संघर्षरत हैं, लेकिन प्रशासन और प्राधिकरण किसी की सुनने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा, गांवों में प्राधिकरण की लापरवाही से समस्याओं का अंबार लग गया है। सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से किसान परेशान हैं। यह अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं होगी। जल्द ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसका खामियाजा प्रशासन को भुगतना पड़ेगा।



बैठक में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। इनमें सतीश कुमार (ग्राम अध्यक्ष), राजू विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष), राहुल यादव (नोएडा कार्यकारिणी सदस्य), दीपक जाटव (महानगर सचिव), विकास कुमार (सचिव), सुमित कुमार (सहसचिव), मोनू, जगदीश विश्वकर्मा (संगठन मंत्री), हुकुम सिंह (ग्राम महासचिव), दीपक कुमार (ग्राम सचिव युवा), तथा सदस्य बिजेंद्र, जयकिशन, पंकज, गौरव, पवन, गुरु जी, राजेश गौतम, सौरभ, भूपेंद्र, संदीप, इंद्रपाल, सुंदर सिंह, राहुल, नितिन, राजू जाटव आदि शामिल हैं। सैकड़ों लोगों ने भाकियू लोकशक्ति की सदस्यता ली, जो संगठन के विस्तार का प्रमाण है।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में परिवहन मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर, डॉक्टर बलराज बैसोया, महानगर अध्यक्ष महेश तंवर, बबलू यादव, हरि अवाना, युवा महानगर अध्यक्ष राजकुमार मोनू, हरेंद्र बैसोया, विजयपाल भाटी, मनोज शर्मा, नीरज कुमार, मोहम्मद शफीक, अजय चौहान आदि उपस्थित रहे। सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक ने नोएडा के किसान आंदोलन को नई ऊर्जा प्रदान की।

भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है। नोएडा प्राधिकरण से मांग की गई है कि गांवों के विकास पर तत्काल ध्यान दिया जाए, वरना आंदोलन तेज होगा। यह कार्यक्रम नोएडा के ग्रामीण इलाकों में किसानों की एकजुटता का प्रतीक बन गया।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

**जिला चिकित्सालय में 05 से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 अक्टूबर तक घर-घर दस्तक अभियान का शुभारंभ**

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि जनपद में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और जनजागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज जिला चिकित्सालय परिसर सेक्टर-39 नोएडा में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट की उपस्थिति में अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।




उन्होंने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक तथा घर-घर दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक जनपद में संचालित किया जाएगा। इन अभियानों का उद्देश्य संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी आदतों के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों से जुड़े कार्मिकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों, लक्षणों की पहचान तथा समय पर उपचार के महत्व को लेकर व्यापक जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, ठहरे हुए पानी को हटाने, मच्छरों के प्रजनन को रोकने, पीने के पानी को स्वच्छ रखने तथा नियमित रूप से हाथ धोने जैसी मूलभूत आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसहयोग और सामूहिक प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

इस अवसर पर चिकित्सकों ने भी नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार के बुखार, त्वचा पर दाने, सिरदर्द या उल्टी-दस्त जैसी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और उपचार कराएं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सतर्कता और समय पर चिकित्सा से गंभीर बीमारियों को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आने वाले दिनों में व्यापक जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार और सामुदायिक सहभागिता के जरिए जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बैरिकेड हटाने पर विवाद

# दोनों गार्डों पर एफआईआर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बैरिकेड हटाने को लेकर हुए विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। विवाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने रविवार दोपहर को दूसरे पक्ष की तहरीर पर दो सुरक्षा गार्डों के खिलाफ केस दर्ज किया। इससे पहले शुक्रवार रात गार्डों के चचेरे भाई की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। दोनों मामलों की जांच पुलिस गहनता से कर रही है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात हरप्रसाद अपने दोस्तों केपी, गब्बर, दीपक (मुरादगढ़ी) और दिनेश (महमदपुर जादोन) के साथ कार से नोएडा जा रहे थे। रास्ते में वे फलैदा कट के पास यमुना एक्सप्रेस-वे पर ऊपर चढ़ने वाले रास्ते पर भटक गए और गलती से गलत साइड से हाईवे पर चढ़ने लगे।

वहां तैनात सुरक्षा गार्ड सागर और गौरव (करौली बंगार) ने उनसे गाली-गलौज की। विरोध करने पर गार्डों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पहले दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने शुक्रवार को गार्डों के चचेरे भाई पवन की शिकायत पर कार सवार आरोपी केपी, गब्बर, दीपक और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

पवन ने आरोप लगाया कि बैरिकेड हटाने के विवाद में गार्डों के साथ मारपीट की गई। इस हमले में गार्ड सागर और गौरव के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**गौतम बुद्ध नगर।** जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों दादरी, सदर एवं जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 198 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने स्वयं जनता की समस्याएं सुनीं, उनसे संवाद स्थापित किया और त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश मौके पर ही जारी किए। दादरी तहसील में मेरठ मंडल के मंडलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस अवसर पर कुल 132 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। मंडलायुक्त मेरठ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# श्री रामायण मेला समिति के तत्वावधान मे किया गया कुश्ती दंगल का आयोजन

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र के जहाँगीरपुर कस्बे में रविवार को श्री रामायण मेला समिति द्वारा एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली और हरियाणा के पहलवानों ने भी हिस्सा लिया।दंगल में 31 हजार रुपये की कुश्ती के लिए आर्यन पहलवान सारंगपुर किसुवागढी ने सागर पहलवान दिल्ली को हराकर विजयी हुए।

21 हजार रुपये की कुश्ती अमित पहलवान चतरसा स्टेडियम और बद्री पहलवान नोएडा के बीच बराबर रही।11 हजार रुपये की कुश्ती छोटू पहलवान फिरोजपुर और प्रमोद पहलवान जौली के बीच बराबर रही। 5100 सौ रुपये की कुश्ती कुलदीप पहलवान भट्टा पारसौल और विशाल पहलवान फिरोजपुर के बीच बराबर रही।

दंगल मे अन्य छोटी छोटी कुश्ती 3100, 2100, 1100, 501 रूपये आदि का भी आयोजन किया गया।



कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि सुरजपाल चौधरी एमडी अंजुल इन्डस्ट्री ग्रेटर नोएडा और विशिष्ट अतिथियों में गजेन्द्र मीणा चेयरमैन जहाँगीरपुर, चमन प्रधान नार मौहम्मदपुर रहे।कुश्ती दंगल का उद्घाटन रंजना सिंह एडवोकेट समाजसेवी खुर्जा विधानसभा ने फीता काटकर किया। दंगल मे रैफरी की भूमिका सत्यवीर सिह, अश्वनी सिह उर्फ बिट्टू मास्टर जी और जाकिर पहलवान द्वारा निभायी गयी। कुश्ती दंगल की व्यवस्था के लिए श्री रामायण मेला समिति जहाँगीरपुर के पदाधिकारी अध्यक्ष शरद वत्स एडवोकेट, प्रबन्धक सचिन गहलौत, महासचिव दिव्यांक गौड़,सचिव मोनू शर्मा मुनीमजी, निरीक्षक अनुराग गहलौत, प्रशांत चौधरी,मेला संयोजक राकेश शर्मा रिकूँ,विपिन मीणा, दीपक भारद्वाज,डॉ शशिकांत,राहुल बंसल,आकाश भारद्वाज,गौरव जादौन, कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा,उद्घोषक मयंक शर्मा,हिमांशु कौशिक,गौरव भारद्वाज के अलावा कुलभूषण शर्मा प्रधानाचार्य,आचार्य अतुल शास्त्री, अरविन्द सिंह,संजीव शर्मा, जीतू चौधरी,ललित जादौन, पवन शर्मा,अनुज शर्मा, ठाकुर प्रवीन कुमार,विजय गौड़,नरेश भाया, खेमचन्द शर्मा आदि ने सहयोग किया। कुश्ती दंगल को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए इंस्पेक्टर क्राईम जेवर सुनील भारद्वाज,जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह, एसआई शिवम कुमार,एसआई रोहित कुमार अपने पुलिस एवं पीएसी बल के साथ कुश्ती दंगल के समापन होने तक मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में मैनेजर की संदिग्ध मौत

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी में एक कंपनी के मैनेजर की शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोसाइटी के निवासियों ने हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय आशीष गुप्ता के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी दिशा गुप्ता के साथ पैरामाउंट सोसाइटी में रहते थे और नोएडा की एक कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। दंपति की कोई संतान नहीं है। शुक्रवार शाम करीब 4: 30 बजे मेंटेनेंस ऑफिस से पुलिस को सूचना मिली कि आशीष गुप्ता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पत्नी से पूछताछ की। पत्नी ने बताया कि तबीयत खराब होने और उल्टी आने के बाद उनके पति की मृत्यु हो गई। हालांकि, सोसाइटी के लोगों ने आशीष गुप्ता की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## खड़ी ट्रक में घुसा बाइक सवार; मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर शनिवार रात एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय अनिल की मौत हो गई। घटना चीती गांव के पास हुई, जब सड़क पर खड़े खराब ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। अनिल दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चीती गांव के निवासी थे। शनिवार रात वह करीब 12 बजे सिकंदराबाद से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अनिल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खराब ट्रक को मुख्य सड़क पर खड़ा किया गया था, जिससे अंधेरे में अनिल की बाइक उससे टकरा गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने युवक को रौंदा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कस्बे में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए पैदल यात्री की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कार चालक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। जेवर की मंगरौली रोड निवासी विमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अक्टूबर को उनके पति रामगोपाल पैदल बाजार जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। कार ने मौके से गुजर रहे विवेक और पवन नामक दो बाइक सवार युवकों को भी टक्कर मारी, वे भी घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों घायलों को जेवर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ग्रेटर नोएडा के अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह रामगोपाल की मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया है कि यह हादसा कार चालक की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने आरोपी कार चालक गौरव, निवासी जेवर, के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एक्सप्रेसवे पर स्टंट करने वालों पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर थार और अन्य कारों से स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। दनकौर कोतवाली पुलिस ने स्टंटबाजों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ट्रैफिक विभाग ने भी एक कार का शुक्रवार को 69,500 रुपये का चालान भी किया है। यह घटना यमुना एक्सप्रेसवे के गलगोटिया यूनिवर्सिटी अंडरपास के पास की है। करीब 24 सेकंड के वायरल वीडियो में 5 थार और 6 अन्य कारें खतरनाक तरीके से स्टंट करती दिख रही थीं। इन स्टंटबाजी से अन्य वाहन चालकों की जान को खतरा पैदा हो गया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दनकौर पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। कोतवाली के दरोगा वीरेंद्र सिंह ने शनिवार शाम को स्टंट करने वाले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की स्टंटबाजी पहले भी कई बार की जा चुकी है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहता है। उनका आरोप है कि पहले कार्रवाई न होने के कारण ऐसे मामले बढ़ रहे हैं।

## फ्लैट के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** बिल्डर पर फ्लैट देने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़पने का लगाया है। पीड़ित खरीदार की शिकायत पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नोएडा के सेक्टर- 53 गिझौड़ गांव के रहने वाले फनिंद्रा सरकार ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गायत्री लाइफ प्रोजेक्ट में एक फ्लैट बुक किया था। बिल्डर ने दो से तीन साल में फ्लैट तैयार कर कब्जा देने का वादा किया था। पीड़ित ने कुल 14 लाख रुपये में फ्लैट बुक हुआ। फ्लैट की कीमत के सापेक्ष विभिन्न किस्तों में बिल्डर को आठ लाख रुपये का भुगतान कर दिया।बीते साल नवंबर 2024 में पीड़ित को पता चला कि बिल्डर दिवालिया घोषित हो गया है। मामला एनसीएलटी में चला गया है। पीड़ित ने बिल्डर से रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी बिल्डर अखिलेश गुप्ता, जय किशन गुप्ता व फ्लैट दिलाने वाले अनुज चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** फेज-दो थाने में सेक्टर-86 स्थित इलाहाबास गांव निवासी महिला के पिता ने दामाद समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने ससुरालियों पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़ित मांगेराम ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बेटी श्वेता का विवाह फरवरी 2019 में भंगेल गांव निवासी वरुण के साथ किया था। शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़ित का कहना है कि शादी के कुछ समय बाद पुत्री ने पुत्र को जन्म दिया। आरोप है कि बच्चे के नामकरण संस्कार कार्यक्रम के दौरान ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में ऑडी कार और भूखंड की मांग की।मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद बेटी गर्भवती हो गई, लेकिन ससुरालियों की मारपीट के चलते गर्भपात हो गया। परिवार को बचाने के चक्कर में बेटी प्रताड़ना झेलती रही। 23 मई को हुई पंचायत के बाद ससुरालियों ने उनकी बेटी को घर में घुसने से मना कर दिया। आरोप है कि दामाद उनकी बेटी के साथ शराब पीकर मारपीट करने लगा।

## प्लॉट दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये हड़पे

**ग्रेटर नोएडा।** प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपये हड़प लिए गए। रुपये वापस मांगने पर मारने की धमकी दी गई। बीटा-टू कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर के माधगढ़ गांव के रहने वाले इतेश पोसवाल को नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक प्लॉट की आवश्यकता थी। उन्होंने दादरी संगम विहार कॉलोनी में रहने वाले अनिल भड़ाना से मुलाकात की। अनिल भड़ाना ने उनकी मुलाकात गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी केदारनाथ राय उर्फ देवाशीष से कराई।उसने 375 गज का एक प्लॉट सेक्टर-55 नोएडा में दिखाया। प्लॉट पसंद आने पर 3 करोड़ 75 लाख रुपये में सौदा तय हो गया। बतौर बयाना 50 लाख रुपये केदारनाथ को दे दिया। 11 लाख 82 हजार 53 रुपये नोएडा प्राधिकरण का टीएम जमा करने को दिए। आरोप है कि रसीद मांगने पर आरोप टालते रहे। शक होने पर जब पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि प्लॉट का झांसा देकर आरोपियों ने 60 लाख रुपये हड़प लिए।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



# जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने किया संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ

## गांधी सभागार से निकली जनजागरूकता रैली, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर मिला संदेश

**पीलीभीत।** शासनादेश के अनुपालन में रविवार को गांधी सभागार, पीलीभीत में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान (05 से 31 अक्टूबर) और दस्तक अभियान (11 से 31 अक्टूबर) का शुभारंभ किया।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई तथा जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।अभियान के अंतर्गत पंचायत, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, बाल विकास और नगर निकाय विभागों को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।



**पंचायती राज विभाग :** नालियों की सफाई और जलभराव समाप्त करेगा।

**शिक्षा विभाग :** विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देगा।

**पशुपालन विभाग :** पशुपालकों को स्वच्छता और कीटनाशक उपयोग के प्रति जागरूक करेगा।

**बाल विकास विभाग :** आंगनवाड़ियों के माध्यम से कुपोषित बच्चों की पहचान और ओआरएस-जिंक वितरण सुनिश्चित करेगा।

**नगर निकाय विभाग :** शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग, लार्वा नाशक छिड़काव और साफ-सफाई करेगा।दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया आदि रोगों से बचाव के उपाय बताएंगी और बीमार व्यक्तियों की सूची तैयार कर स्वास्थ्य केंद्रों को भेजेंगी। अभियान शुभारंभ पर जिलाधिकारी ने कहा प्रत्येक विभाग और ग्राम स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अभियान केवल औपचारिकता न रह जाए, बल्कि जनभागीदारी के साथ सच्चे अर्थों में संचालित हो।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या में घर में धमाका, युवक की मौत : 2 गंभीर घायल

### एक मकान जमींदोज; एक किलोमीटर तक सुनाई दी आवाज

**अयोध्या।** अयोध्या में एक घर में जोरदार विस्फोट हो गया। हादसा बीकापुर कोतवाली से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ। यह जगह राममंदिर से करीब 28 किलोमीटर दूर है।

इस हादसे में एक घर जमींदोज हो गया। वहीं, मलबे में दबने से एक युवक की मौत हो गई।वहीं, 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।धमाके से आसपास के 3-4 घरों की दीवारों में भी दरारें आई हैं। धमाके की आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।



घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।फिर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। धमाका कैसे हुआ, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।टीम मौके से सैंपल एकत्र कर रही है।पुलिस टीम भी मौके पर है।

जिस घर में विस्फोट हुआ, वह विवेकानंद पांडेय का है। वह नगर पंचायत कर्मी हैं। घायल विवेकानंद की मां उषा देवी ने बताया- हम घर पर नहीं थे। मेरा बेटा घर पर था। बहुत चोट लगी है।उसे अस्पताल लेकर गए हैं। पता नहीं क्या दग गया? कैसे विस्फोट हुआ?

# शार्ट न्यूज

## दो परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 02 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया।02 परिवार खुशी खुशी साथ -साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य श्री अजय बरया, डॉ. दीपक चौबे सुधा कुशवाहा,डॉ जनक किशोरी शर्मा डॉ. एस. पी.पाठक, डॉ.संजीव शर्मा, एड. अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी सिमरन, महिला आरक्षी दीपिका आदि का विशेष सहयोग रहा।

## झांसी में लापता बच्चे का घर में शव मिला

**झांसी।** झांसी में 8 साल के मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।दादी उसे कमरे में खेलते हुए छोड़ गई थी।थोड़ी देर बाद लौटी तो बच्चा नहीं था।तलाश करने पर नहीं मिला तो पुलिस को बुलाया गया।लगभग 8 घंटे बाद शनिवार रात को घर के अंदर बने भूसा वाले कमरे में उसकी लाश मिली। बच्चे की लाश मिलने से हड़कंप मच गया।हत्या कर लाश को भूसा वाले घर में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला लहचूरा थाना क्षेत्र के चकारा गांव का है। लहचूरा के चकारा गांव के रहने वाले राजवेंद्र का 8 साल का बेटा मुकेश गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। शनिवार को वह स्कूल नहीं गया था। बच्चे के दादा राम श्रवण ने बताया कि राजवेंद्र अपनी पत्नी चंद्रमुखी के साथ खेत पर गया था। जबकि, मैं बकरी चराने और मेरी पत्नी शांति मोहल्ले में गई हुई थी। मुकेश घर पर अकेला था और खेल रहा था। दोपहर में दादी लौटकर घर आई तो मुकेश नहीं मिला। दादी ने मोहल्ले में ढूंढ़ा, मगर वो नहीं मिला।

## झांसी में ट्रेन से कटकर ट्रक ड्राइवर की मौत

**झांसी।** झांसी में ट्रेन की चपेट में आने से ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई।बेटे का कहना है कि पिता नशे में थे और रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे थे। तभी ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के अंबाबाय गांव के पास का है। मृतक की पहचान मुकेश अहिरवार (47) पुत्र हरचरन अहिरवार के रूप में हुई है। वो सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के अंबाबाय गांव के रहने वाले थे। मृतक के बेटे प्रवेश ने बताया कि मेरे पिता ट्रक चलाते थे।शनिवार को वह शराब पिए थे।उनको कम सुनाई देता था।वे गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग पार कर रहे थे। तभी ट्रेन आ गई। पिता की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने सूचना दी तो मौके पर पहुंचे। शव देखकर परिजन रोने बिलखने लगे। मुकेश के दो बेटे शुभम और प्रवेश व एक बेटी प्रीति है। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। पति की मौत के बाद पत्नी सुखदेवी का रो रोकर बुरा हाल है।

## सीतापुर में बाघिन के बाद पकड़ा गया बाघ

**सीतापुर।** सीतापुर के विकास खंड महोली क्षेत्र में बाघ का आतंक झेल रहे ग्रामीणों को आखिरकार फिर से राहत मिली है। वन विभाग की टीम ने बाघिन के पकड़े जाने के 25वें दिन लगातार निगरानी के बाद नरनी गांव से एक बाघ को पिंजरे में कैद करने में सफलता हासिल की। बाघ की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि पिछले दो महीनों से बाघ ने इलाके में दहशत मचा रखी थी। इस दौरान बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो चुकी है। इतना ही नहीं, बाघ को पकड़ने की कोशिश में वन विभाग ने छह पड़वे (बछड़े) चारे के रूप में बांधे थे, जिन्हें बाघ ने अपना शिकार बना लिया। लगातार हो रहे हमलों और गहमागहमी के कारण ग्रामीण खेतों में काम करने से भी डरने लगे थे। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार, 20 सितंबर की रात भी इसी इलाके से एक बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा गया था, जिसे बाद में गोरखपुर भेजा गया था। टीम का कहना है कि अब पकड़ा गया बाघ अलग है और यह कई दिनों से नरनी गांव के आसपास सक्रिय था। ग्रामीणों की शिकायतों और कई बार देखे जाने की पुष्टि के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसके तहत बाघ को पिंजरे में बंद किया गया।

## बस और ट्रक की भिड़ंत, 20 यात्री घायल

**बागपत।** बागपत में दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर रविवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। लोनी से शामली जा रही बड़ौत डिपो की रोडवेज बस ने बड़ौत क्षेत्र में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। घायलों में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद के लोनी से बड़ौत डिपो की बस करीब 40 यात्रियों को लेकर शामली की ओर जा रही थी। जब बस बड़ौत शहर के पास हाईवे पर पहुँची, तो उसने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान बस ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बस और ट्रक की टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे कई यात्री सीटों से गिरकर घायल हो गए। हादसे में रामबती, सरबजीत, दया, संजय, पूनम, जावेद, नसीमा, तालिम, मनोज, हरबीर, विजय, दीपक और हिमांशु समेत कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। बस चालक मनीष को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और यात्रियों का आरोप है कि चालक तेज रफ्तार से बस चला रहा था और आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में हादसा हो गया।

# यूपी में बदलापुर, पिता के हत्यारे का मर्डर किया

### 15 साल बाद बदला, दोषी जेल से छूटा तो दोस्ती की, फिर गोली मारी

**शामली।** यूपी के शामली में फिल्म बदलापुर जैसा मामला सामने आया है। यहां पिता के हत्यारे से बेटे ने 15 साल बाद बदला लिया।हत्यारे के जेल से छूटने के बाद 27 साल के बेटे ने चार साल तक मेलजोल बढ़ाया, दोस्ती की और फिर गोली मारकर हत्या कर दी।

शनिवार देर शाम पिता का हत्यारा खेत से घर लौट रहा था, तभी उसने उस पर फायरिंग कर दी। उसके सीने एक गोली लगी। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गोली मारकर आरोपी फरार हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना झिंझाना थाना के चौसाना चौकी क्षेत्र की है।

झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव मंगलौरा निवासी जयवीर (50) पुत्र ब्रजपाल शनिवार शाम 7 बजे खेत से लौट रहा था। जैसे ही वह यमुना बांध मार्ग के पास पहुंचा, तभी उसके दोस्त राहुल उर्फ छोटू (27) पुत्र सत्यभान ने उस पर 3 राउंड फायर की।

एक गोली जयवीर के सीने में लगी। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जयवीर को अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा बैठक हुई सपन्न

## पीलीभीत की 720 ग्राम पंचायतों में पूर्ण हुआ हरिशंकरी पौधरोपण अभियान

पीलीभीत। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन लोकभारती के तत्वावधान में रविवार को लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सहभागिता की। बैठक में प्रदेश के 12 जनपदों में सम्पन्न हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें पीलीभीत जनपद की 720 ग्राम पंचायतों सहित सभी चयनित क्षेत्रों में पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे लगाए गए।बैठक में बताया गया कि यह अभियान 51 स्वयंसेवी संस्थाओं, शासन और प्रशासन के संयुक्त सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और



सांस्कृतिक चेतना को एक सूत्र में पिरोते हुए इस अभियान ने समाज में हरियाली और संतुलन की नई सोच जगाई है। अपने उद्बोधन में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा हरिशंकरी वृक्ष भारतीय संस्कृति के प्राण हैं। पीपल, बरगद और पाकड़ केवल वृक्ष नहीं, बल्कि जीवन के आधार हैं। प्रकृति की रक्षा करना ही राष्ट्र सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष की जिम्मेदारी लेकर उसे जीवनभर संरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने लोकभारती द्वारा समाज के सभी वर्गों को पर्यावरण से जोड़ने के प्रयास की सराहना की और कहा कि शासन, प्रशासन और समाज का संयुक्त सहयोग ही हरित भारत के संकल्प को साकार करेगा।

बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ब्रजेन्द्र भाईसाहब, सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, पूर्व प्रचारक दुर्गाप्रसाद गंगवार, श्रवण कुमार जैसवार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर पौधों की देखभाल और निगरानी के लिए विशेष समितियाँ गठित करने का निर्णय लिया गया।

# खड़े कंटेनर में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, 4 लोगो की मौत

### आगरा- मथुरा हाईवे पर हुआ हादसा, केबिन में बैठी थी सवारियां, पीछे से कई वाहन टकराए

**आगरा।** आगरा-मथुरा हाईवे पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे ट्रक की केबिन में बैठी महिला, एक पुरुष, चालक और किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक की केबिन के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा टूटकर हाईवे पर जा गिरा। ट्रक में बल्लियां भरी थीं, जो टक्कर के दौरान केबिन में बैठे किशोर के सिर में घुस गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



मृतकों की पहचान ट्रक चालक विजेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। इसके अलावा एक बच्चा और एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है, जिनकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है।

वहीं, हादसे में घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। युवक की पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है। वह ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था।

### हादसा शनिवार रात 12 बजे रुनकता फ्लाईओवर पर हुआ

पुलिस के मुताबिक, हादसे का कारण ट्रक चालक का शराब के नशे में होना सामने आया है। ट्रक में बांस-बल्लियां भरी हुई थीं और वह तेज रफ्तार से सिकंदरा की ओर से मथुरा जा रहा था। जैसे ही वह रुनकता फ्लाईओवर से उतरा, वह लोहरे की पंक्चर की दुकान के पास खड़े कंटेनर से पीछे से जा टकराया।

हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने रात करीब 2 बजे कंटेनर व ट्रक को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा कर दिया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतक महिला और पुरुष मथुरा जा रहे थे। किशोर की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि कैंटर के पीछे से अन्य वाहन एक बाद एक आधा दर्जन वाहन घुसते चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से केबिन तोड़कर मृतकों के शवों व घायलों को बाहर निकाला। हादसे के बाद हाईवे पर चीख पुकार के साथ अफरा तफरी मच गई।

## महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में जाकर सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड, बाजार व पार्कों में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित बातें व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे - 1090 - वूमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा 102 -स्वास्थ्य सेवा 108 - एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से सम्बंधित हो रहे विभिन्न अपराधों के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

# एसपी ने राजघाट बांध पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजघाट बांध पर सुरक्षा व्यवस्था में लगी गार्द का निरीक्षण किया गया तथा सभी सम्बन्धित को सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गार्द में शामिल पुलिस कर्मियों की ड्रेस, अनुशासन, शस्त्र एवं परेड की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया।

# पुलिस ने चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया

**ललितपुर।** मंडावरा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र टीम, थाना मड़ावरा द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति केन्द्र थाना मड़ावरा की टीम द्वारा ग्राम रनगांव में ग्राम चौपाल का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं, कानूनों एवं सरकार द्वारा



संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं अन्य सहायता नंबरों के उपयोग पर जोर दिया, जिससे महिलाएं त्वरित रूप से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर उन्होंने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध एवं मानव तस्करी जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और जागरूक किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध होने पर तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करें। ग्राम चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया व आश्वस्त किया कि ललितपुर पुलिस सदैव महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक महिला और बच्ची की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सीएचसी बिरधा में जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

### चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं की शिकायतों का संज्ञान लेकर अवकाश के दिन मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी

**ललितपुर।** विगत कई दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा में अव्यवस्थाओं की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही थीं, जिनका संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट अमनदीप डुली ने उप जिला मजिस्ट्रेट ललितपुर मनीष कुमार के साथ रविवार को सायं 4: 30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में काफी अनियमितताएं पाई गई, जिस पर संबंधित चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगाते हुए आज ही कमियां दूर कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए, साथ ही उप जिला मजिस्ट्रेट



को साप्ताहिक तौर पर चिकित्सालय का पर्यवेक्षण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय लोगों को आश्वस्त किया कि कल सोमवार से चिकित्सालय की व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंधेरा पसरा हुआ था और मौके पर एक भी चिकित्सक या स्टाफ मौजूद नहीं था। आयुष्मान कक्ष में ताला लगा था, यहां वहां कुत्ते बैठे हुए थे, मरहम पट्टी कक्ष में भी कोई कर्मचारी नहीं था। इसके अलावा दीवार पर अधिकारियों की सूची अद्यतन नहीं थी, इसमें स्थानांतरित अधिकारियों का नाम अभी भी दर्ज था। इमरजेंसी वार्ड में एक महिला मरीज अपने बेड पर थीं, जिनकी देखरेख के लिए कोई स्टाफ नहीं था। इसके अलावा चिकित्सालय का पुरुष शौचालय बंद था एवं महिला शौचालय में भारी गंदगी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त की। मौके पर स्थानीय निवासी भी पहुंच गए और जिलाधिकारी से शिकायत की कि चिकित्सालय में पूर्व से स्थापित पानी का आरओ निकलवा दिया गया है, जिसके फलस्वरूप यहां पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, चिकित्सालय में जनरेटर उपलब्ध है परंतु बिजली जाने की स्थिति में जनरेटर नहीं चलाया जाता है, कुपोषित बच्चों के लिए बना एनआरसी वार्ड हमेशा बंद रहता है।

## बॉयफ्रेंड की हत्या कराने वाली महामंडलेश्वर निरंजनी अखाड़े से निष्कासित

**प्रयागराज।** प्रयागराज के श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी ने महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ पूजा शकुन पांडेय को अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने कहा- अखाड़े से जुड़ी किसी महिला साध्वी का कृत्य सनातन परंपरा के खिलाफ है। वह 'माता' कहलाती हैं, और यदि मां ही पुत्र की हत्या करा दे तो इससे बड़ा पाप कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा- अब दूसरे महामंडलेश्वर और संतों की कार्यप्रणाली की भी जांच की जा रही है। जो संत अखाड़े की मर्यादा और नियमों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होगी।

# डीएम, सदर एसडीएम प्रशासक ने जल भराव की समस्या का मौके पर जाकर जायजा लिया

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली व उप जिलाधिकारी सदर, प्रशासक मनीष कुमार द्वारा शहर के मोहल्ला आजादपुरा तृतीय वार्ड नंबर 12 के दम्मू कुआं के पीछे वाली गली में जल भराव की समस्या एवं साफ सफाई की समस्या के निराकरण के लिए औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा बताया गया है कि इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, विशेषकर बरसात के मौसम में बारिश से गलियां पानी से सराबोर हो जाती है, जिससे मोहल्लेवासियों का निकलना दूभर हो जाता है। जल



भराव की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका की अवर अभियंता को तत्काल मौके पर बुलाकर पम्पिंग सेट रखकर जल भराव की समस्या का निराकरण कराते हुए अवर अभियंता को निर्देश दिये कि इस मोहल्ले में जल निकासी की समस्या को दूर कराने एवं सडक् के दोनों तरफ नालियों को बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये, जिससे कि इस समस्या का स्थाई निराकरण हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### राजनेता की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बैंकॉक , एजेंसी।** बैंकॉक की एक कोर्ट ने कंबोडिया के एक विपक्षी राजनेता की गोली मारकर हत्या करने के जुर्म में थाईलैंड के एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कंबोडिया नेशनल रेस्क्यू पार्टी के पूर्व विधायक लिम किमया की 7 जनवरी को बैंकॉक में हत्या कर दी गई थी। थाई नागरिक एक्कलाक फीनोई को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और उसने कबूल किया था कि उसे हत्या के लिए किराए पर लिया गया था।

### बच्ची को डुबोने की कोशिश पर महिला को पांच साल की सजा

**टेक्सास , एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास में एलिजाबेथ वुल्फ (43) नाम की एक महिला को नस्लीय पूर्वाग्रह से प्रेरित एक घटना में तीन वर्षीय फलस्तीनी-अमेरिकी मुस्लिम बच्ची को डुबोने की कोशिश के लिए पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है। घटना मई 2024 में यूलिस के एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के स्विमिंग पूल में हुई थी। बाद में बच्ची की मां ने उसे पानी से बाहर निकालकर जान बचाई थी। महिला ने हत्या के प्रयास और बच्ची को चोट पहुंचाने के जुर्म को स्वीकार कर लिया था।

### गोलीबारी के बाद दक्षिण एशियाई फिल्मों की स्क्रीनिंग रद्द

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के टोरंटो के पश्चिम में ओकविल के एक सिनेमा कंपनी ने पिछले सप्ताह हुई गोलीबारी और आगजनी के प्रयास के बाद सभी दक्षिण एशियाई फिल्मों की स्क्रीनिंग रद्द करने का एलान किया है। फिल्म.सीए सिनेमाज ने बताया कि 25 सितंबर को आगजनी की कोशिश और बृहस्पतिवार सुबह बंद थिएटर पर गोलीबारी हुई। हालांकि, इसमें कोई घायल नहीं हुआ। सिनेमा के सीईओ जेफ नॉल ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### चर्च ऑफ इंग्लैंड को मिलेगा नया नेतृत्व, घोटाले बड़ी चुनौती

**लंदन, एजेंसी।** चर्च ऑफ इंग्लैंड को आर्कबिशप ऑफ कैंटरबरी के रूप में नया नेतृत्व मिलने की उम्मीद है। पूर्व आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी ने बाल यौन शोषण की जानकारी पुलिस को न देने के आरोप के बाद नवंबर में इस्तीफा दे दिया था। नए आर्कबिशप के सामने यौन शोषण घोटालों से उबरने और यौन मुद्दों तथा लिंग से संबंधित मतभेदों को हल करने की चुनौती होगी। गुली फ्रांसिस-देहकानी और रशेल ट्रेवीक जैसी दो महिलाएं भी इस पद की दौड़ में हैं। चर्च के विशेषज्ञों ने इस पूरी प्रक्रिया को 11 महीने की मैराथन बताया है। यह प्रक्रिया बहुत गोपनीय है और किंग चार्ल्स-3 के जरिये इसकी पुष्टि होनी है।

### भारतीय राजदूत क्वात्रा की अमेरिकी सांसद से मुलाकात ; कई अहम मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को नॉर्थ कैरोलाइना के रिपब्लिकन सांसद ग्रेग मर्फी से मुलाकात की और हालिया घटनाक्रम सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि बातचीत में व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका में कानूनी गतिशीलता (लीगल मोबिलिटी) को स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और शोध जैसे क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक लाभकारी बताया। क्वात्रा ने कहा कि दोनों पक्षों ने मिलकर संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जताई। क्वात्रा लगातार अमेरिकी नेताओं से मुलाकात कर भारत-अमेरिका रिश्तों को मजबूती देने के प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले 19 सितंबर को उन्होंने रिपब्लिकन नेता स्टीव स्केलिस से भी मुलाकात की थी। उस बैठक में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। स्केलिस ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी थीं।

### दो भारतीय पर्यटकों को सिंगापुर में जेल की सजा, लूटपाट और मारपीट के आरोप

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर में छुट्टियां मनाने गए भारत के दो युवकों, अरोक्कियासामी डैसन (23) और राजेन्द्रन मयिलारासन (27) को जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने यौनकर्मियों से लूटपाट और मारपीट के आरोप में पांच साल एक महीने की जेल और 12 बेंत की सजा सुनाई। दोनों ने होटल में महिलाओं को बुलाकर पहले उन्हें बांधा, फिर मारपीट कर नकदी, पासपोर्ट और अन्य सामान लूट लिया। दूसरी पीड़िता ने अगले दिन एक व्यक्ति को घटना बताई, जिससे पुलिस को सूचना मिली। दोनों ने अदालत में गरीबी और पारिवारिक समस्याओं का हवाला देकर दया की अपील की, लेकिन कानून के अनुसार उन्हें सख्त सजा दी गई।

# ट्रंप प्रशासन जन्म के आधार पर नागरिकता समाप्त नहीं कर सकता, संघीय अपील अदालत ने सुनाया फैसला



**बोस्टन, एजेंसी।** बोस्टन की एक संघीय अपील अदालत ने शुक्रवार को अपने एक फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन देश में अवैध रूप से या अस्थायी रूप से पैदा हुए लोगों के बच्चों की नागरिकता नहीं रोक सकता है। इससे राष्ट्रपति के जन्मसिद्ध अधिकार आदेश के लिए कानूनी अड़चनें बढ़ गई हैं। प्रथम अमेरिकी सर्किट अपील न्यायालय का तीन न्यायाधीशों का पैनल जून के बाद से राष्ट्रपति के जन्मसिद्ध अधिकार आदेश को अवरुद्ध करने वाले आदेश जारी करने या उसे बरकरार रखने वाला पांचवां संघीय न्यायालय बन गया। अदालत ने अपने निष्कर्ष में कहा कि वादी अपने इस दावे में सफल होने की संभावना रखते हैं कि आदेश में वर्णित बच्चे 14वें संशोधन के नागरिकता खंड के तहत जन्मसिद्ध नागरिकता के हकदार हैं।

पैनल ने निचली अदालतों के प्रारंभिक निषेधाज्ञा को बरकरार रखा। इसके तहत जन्मसिद्ध अधिकार आदेश को तब तक रोक दिया था जब तक कि इसे चुनौती देने वाले मुकदमे आगे नहीं बढ़ गए। जनवरी में राष्ट्रपति के पदभार ग्रहण करने के दिन इस आदेश पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस आदेश में अमेरिका में अवैध या अस्थायी रूप से जन्मे लोगों के बच्चों को स्वतः नागरिकता मिलने पर रोक लगा दी गई थी। अदालत ने अपने फैसले में लिखा, इतिहास के सबक हमें इस बात से सावधान रहने का हर कारण देते हैं कि हम जन्मजात नागरिकता को मान्यता देने की हमारी स्थापित परंपरा को तोड़ने और नागरिकता को माता-पिता के कार्यों पर निर्भर करने के बजाय- दुर्लभतम परिस्थितियों में- संयुक्त राज्य अमेरिका में पैदा होने के साधारण तथ्य पर निर्भर करने के इस सबसे हालिया प्रयास को मंजूरी न दें। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोन्टा, जिनका राज्य उन लगभग 20 राज्यों में से एक था जो इस आदेश को चुनौती देने वाले मुकदमे का हिस्सा थे, ने इस फैसले का स्वागत किया।

बोन्टा ने एक बयान में कहा, प्रथम सर्किट ने उस बात की पुष्टि की जो हम पहले से ही जानते थे। जन्मजात नागरिकता पर राष्ट्रपति का हमला अमेरिकी संविधान के चौदहवें संशोधन का घोर उल्लंघन करता है और इसके विनाशकारी परिणामों से बचाव के लिए देशव्यापी निषेधाज्ञा ही एकमात्र उचित उपाय है। उन्होंने आगे कहा, हमें खुशी है कि अदालतें अमेरिकियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती रही हैं।


शुक्रवार को एक द्वितीय अपीलीय अदालत ने जन्मजात नागरिकता आदेश को चुनौती देने वाले कई संगठनों के पक्ष में फैसला सुनाया। न्यू हैम्पशायर इंडोनेशियन कम्युनिटी सपोर्ट और लीग ऑफ यूनाइटेड लैटिन अमेरिकन सिटिजन्स सहित वादी का प्रतिनिधित्व अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ने किया।

### ब्रिटेन में यहूदी प्रार्थना स्थल के बाहर आतंकी हमला:2 की मौत, 3 घायल

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर में गुरुवार को एक यहूदी प्रार्थना स्थल (सिनागॉग) के बाहर आतंकी हमला हुआ। इसमें दो यहूदियों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रम्प्सल इलाके में कई यहूदी योम किप्पुर त्योहार पर प्रार्थना के लिए इकट्ठा हुए थे। इसी दौरान हमलावर ने उन पर कार चढ़ा दी और फिर गोलीबारी करने लगा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर का एनकाउंटर कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। योम किप्पुर के दिन यहूदी अपने पिछले गलत कामों के लिए माफी मांगते हैं और प्रार्थना करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस हमले को बेहद डरावना बताया और पुलिस की तारीफ की। स्टार्मर डेनमार्क से जल्दी लौट रहे हैं ताकि ब्रिटेन की इमरजेंसी कोबरा टीम के साथ बैठक कर सकें। उन्होंने एक्स पर लिखा- यह हमला योम किप्पुर जैसे पवित्र दिन पर हुआ, जो इसे और भी भयानक बनाता है। मेरी संवेदनाएं घायलों के परिवारों के साथ हैं। मैनचेस्टर के मेयर एंडी बर्नहैम ने कहा कि हमलावर की मौत हो गई है। पुलिस भी इसकी पुष्टि कर चुकी है। मेयर बर्नहैम ने लोगों से हमले वाले इलाके में न जाने की अपील की है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने इसे आतंकवादी घटना घोषित किया है। काउंटर-टेररिज्म टीम मामले की जांच कर रही है।

# पाकिस्तान ने गाजा सीजफायर प्लान को नकारा

### विदेश मंत्री डार बोले- ट्रम्प ने ड्राफ्ट में बदलाव किया, मेरे पास सबूत हैं



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने गाजा में सीजफायर से जुड़े ट्रम्प के प्लान को नकार दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि ट्रम्प का गाजा सीजफायर प्लान मुस्लिम देशों के ड्राफ्ट जैसा नहीं है। डार ने बताया कि इस्लामिक देशों ने 22 सितंबर को ट्रम्प के साथ हुई बैठक में गाजा से पूरी तरह से इजराइल की वापसी का प्रस्ताव रखा था। जबकि ट्रम्प के प्लान में सिर्फ सैनिकों की आंशिक वापसी का प्रावधान है, ताकि हमास के कब्जे में बचे हुए बंधकों को रिहा किया जा सके। डार ने संसद में कहा, ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है।

**पीएम शहबाज ने समर्थन किया था :** ट्रम्प ने सोमवार, 29 सितंबर को गाजा जंग को खत्म करने के लिए 20 पाइंट का प्लान पेश किया था। पीएम शहबाज शरीफ ने एक्स पर पोस्ट कर इस प्लान का समर्थन किया था। पाकिस्तान समेत आठ इस्लामिक देशों मिस्र, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात ने एक संयुक्त बयान जारी कर ट्रम्प के प्रस्ताव का स्वागत किया था। इन देशों के विदेश मंत्रियों की तरफ से जारी इस बयान में कहा गया था कि वे ट्रम्प के नेतृत्व और युद्ध खत्म करने के उनके ईमानदार प्रयासों में विश्वास रखते हैं। इनके अलावा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रम्प के इस प्लान का स्वागत किया था। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने इन सभी नेताओं के बयानों को अपनी बेवसाइट पर भी पोस्ट किया है।

# पाकिस्तान में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान में शनिवार तड़के 1ः59 बजे रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार भूकंप के केंद्र की गहराई 10 किलोमीटर में रही। इससे पहले 2 अक्तूबर को भी कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। इसका केंद्र मलिर के उत्तर-पश्चिम में 7 किलोमीटर दूर था। खबर लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। लगातार भूकंप के झटकों ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। संबंधित एजेंसियां स्थिति की निगरानी कर रही हैं।

**कैंटरबरी में पहली महिला आर्कबिशप चुनी गई सारा मौलली : लंदन , एजेंसी।** लंदन की बिशप सारा मौलली शुक्रवार को कैंटरबरी में आर्कबिशप नियुक्त की गई हैं। यह पहली बार है जब किसी महिला को 'चर्च ऑफ इंग्लैंड' का आध्यात्मिक नेता चुना गया है। उन्हें महिलाओं व एलजीबीटीक्यू लोगों संग व्यवहार को लेकर चर्च में मौजूद मतभेदों का सामना करना पड़ेगा।

**भीषण सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों की मौत : ग्रोसेटो, एजेंसी।** इटली के ग्रोसेटो में शुक्रवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी अंसा के अनुसार, ऑरेलिया स्टेट रोड पर एक वैन और नौ सीट वाली मिनीबस में टक्कर हुई। हादसे में बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटली में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मृतक नागपुर के भारतीय नागरिक थे।

**पीएम स्टार्मर ने यहूदी धर्मस्थल पर हमले की निंदा की : लंदन, एजेंसी।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मैनचेस्टर के एक सिनेगॉग (धर्मस्थल) पर यहूदियों को निशाना बनाकर किए गए हमले की निंदा की और इसे घृणित बताया। इस हमले में एक व्यक्ति ने कार से लोगों को कुचलने और चाकू से हमला करने की वारदात को अंजाम दिया। हिंसा में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यहूदी समुदाय की सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया और कहा, ब्रिटेन एक ऐसा देश है जहां सभी सुरक्षित और सम्मानित महसूस करेंगे। उन्होंने होलोकॉस्ट का उल्लेख करते हुए यहूदियों को ब्रिटेन में शरण पाने की ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया।

# अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति को घेरा, कहा- मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ करें कार्रवाई



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका ने शुक्रवार को कोलंबिया के राष्ट्रपति पर स्थायी शांति की दिशा में हो रही प्रगति को कमजोर करने का आरोप लगाया और नसीहत दी कि उनकी सरकार नार्को-आतंकवादी समूहों की ओर से जारी हिंसा और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने को प्राथमिकता दें। अमेरिक के राजदूत माइक वाल्ट्ज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि कोलंबिया और विश्व भर में राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की नीतियां स्पष्ट रूप से गैरजिम्मेदाराना और विफलता वाली हैं, इसके कारण देश में अस्थिरता और हिंसा बढ़ी है।

बीते हफ्ते अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध उस समय और भी खराब हो गए जब वामपंथी नेता पेत्रो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा के दौरान फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन के बाद अमेरिक के विदेश विभाग ने पेत्रो का वीजा रद्द कर दिया। पेट्रो ने अमेरिका के प्रत्यर्पण अनुरोधों को अस्वीकार करके अमरेरिका को नाराज कर दिया है। कोलंबिया ने ट्रंप प्रशासन की ओर से की गई आव्रजन कार्रवाई और पड़ोसी वेनेजुएला में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने की पहल की भी आलोचना की है।

सुरक्षा परिषद की यह बैठक ऐसे समय में हुई जब ट्रंप प्रशासन ने कैरिबियन में नावों पर अपने चौथे घातक हमले की घोषणा की। इन नावों के बारे में कहा गया कि वे नशीले पदार्थों की तस्करी कर रही थीं। पेट्रो ने अमेरिका पर हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि नावों पर कोई नार्को-आतंकवादी नहीं थे, बल्कि गरीब कैरिबियाई युवा थे। वाल्ट्ज ने इस बात पर कड़ी असहमति जताई। अमेरिकी राजदूत ने कहा, हाल के महीनों में, कोलंबिया सुरक्षा बलों और नागरिकों पर मादक पदार्थों के आतंकवादी समूहों की ओर से किए गए हमलों से हिल गया है। उन्होंने आगे कहा, इन हथियारबंद समूहों की ओर से की जा रही हिंसा और मादक पदार्थों की तस्करी, अगर अनियंत्रित छोड़ दी गई, तो फैल सकती है और कोलंबियाई लोगों, क्षेत्र के सभी लोगों और निश्चित रूप से अमेरिकियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है।

# रूस ने यूक्रेन के गैस संयंत्रों पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए

**मास्को, एजेंसी।** रूसी सेनाओं ने शुक्रवार को यूक्रेन के कई सैन्य ठिकानों और गैस ढांचों पर बड़े पैमाने पर हमले किए। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइलों और लंबी दूरी के ड्रोन से रातभर चलाए गए हमलों में सभी निर्धारित लक्ष्य नष्ट कर दिए गए। यूक्रेन की सरकारी ऊर्जा कंपनी नाफ्तोगाज ने इसे देश के गैस स्थलों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया, जिसमें खार्किव और पोलतावा क्षेत्रों में लगभग 35 मिसाइलें दागी गईं। कंपनी ने नुकसान को गंभीर बताया। इससे पहले, 7 सितंबर को रूस ने अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था, जिसमें 800 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी गईं। इस हमले में कीव सहित कई शहरों को निशाना बनाया गया और दो लोगों, जिनमें एक शिशु भी शामिल था, की मौत हुई। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने कुल 810 ड्रोन, चार बैलिस्टिक और नौ क्रूज मिसाइलें छोड़ीं, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमलों को घृणित अपराध बताया और कहा कि यह शांति प्रक्रिया को लंबा करने की कोशिश है। प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने इसे बड़ा हमला बताया। उन्बोंने कहा कि इससे कीव, ओडेसा, ड्नीप्रो, क्रीमेनचुक और क्रिवी रीह सहित कई शहर प्रभावित हुए हैं।

**इंडोनेशिया स्कूल हादसाः मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हुई, मलबे में दबे हैं कई शव : सिदोआर्जो, एजेंसी।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप स्थित सिदोआर्जो में एक इस्लामिक स्कूल की इमारत गिरने से मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 14 हो गई। सोमवार को हुई इस दुर्घटना में सैकड़ों लोग प्रार्थना हॉल में मौजूद थे। बचाव दल ने गुरुवार तक हाथों से खोज की, लेकिन जीवन के कोई संकेत न मिलने पर शुक्रवार को भारी मशीनों का उपयोग किया गया। अब भी लगभग 50 छात्र लापता हैं। मृतकों में अधिकांश 12 से 19 वर्ष के छात्र हैं। कुछ शव प्रार्थना स्थल और निकास द्वार के पास मिले। प्रशासन राहत कार्य में जुटा है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**ट्रंप बोले- कैरिबियन ड्रग कार्टेल गैरकानूनी : वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैरिबियाई क्षेत्र में सक्रिय ड्रग कार्टेल को अवैध लड़ाके घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब गैर-अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में है। अमेरिकी रक्षा विभाग- पेंटागन ने इस फैसले के बारे में कांग्रेस को सूचित भी कर दिया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिकी सेना ने कैरिबियाई समुद्र में तीन घातक हमले किए थे, जिनमें दो नावें वेनेजुएला से आई थीं। यह कदम ड्रग तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन का यह निर्णय क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पाकिस्तान ने अमेरिका को अरब सागर में बंदरगाह बनाने का प्रस्ताव दिया, रिपोर्ट में बड़ा दावा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान, अमेरिका को खुश करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा। अब पाकिस्तान ने अमेरिका को एक और बड़ी पेशकश की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के करीबी सहयोगियों ने अमेरिका को अरब सागर में एक बंदरगाह बनाने और उसे संचालित करने की पेशकश की है। रणनीतिक लिहाज से अरब सागर बेहद अहम है, ऐसे में पाकिस्तान के इस संभावित कदम को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

**बलूचिस्तान के पासनी में बंदरगाह बनाने का प्रस्ताव :** फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिकी अधिकारियों से अरब सागर में एक बंदरगाह के विकास और संचालन का प्रस्ताव रखा है। इस योजना में अमेरिकी निवेशकों द्वारा बलूचिस्तान के पासनी शहर में पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच मिलेगी। योजना के तहत पासनी में एक टर्मिनल का निर्माण और संचालन शामिल है। पासनी, बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में स्थित एक बंदरगाह शहर है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है।

**अमेरिकी फंडिंग से रेल गलियारा भी विकसित करने की भी मांग :** यह प्रस्ताव सितंबर में व्हाइट हाउस में पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बैठक के बाद सामने आया है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रस्ताव कुछ अमेरिकी अधिकारियों को बता दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के प्रस्ताव में बंदरगाह का इस्तेमाल अमेरिकी सैन्य उद्देश्यों के लिए करने की संभावना को खारिज किया गया है और इसका उद्देश्य सिर्फ दुर्लभ खनिजों तक पहुंच है। पाकिस्तान ने पश्चिमी पाकिस्तान के खनिज-समृद्ध प्रांतों को जोड़ने वाले रेल गलियारे के विकास के लिए वित्तपोषण देने की भी मांग की है।

# बंधकों के घर लौटने का इंतजार, शांति प्रस्ताव पर सहयोग के लिए ट्रंप का वैश्विक नेताओं को धन्यवाद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा संघर्ष को खत्म करने के लिए उनके शांति प्रस्ताव के समर्थन के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि वे बंधकों को घर लौटते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ (बंधकों) की हालत गंभीर हो सकती है। व्हाइट हाउस की ओर से शनिवार को साझा किए गए एक वीडियो संदेश में, ट्रंप ने शांति समझौते को सुनिश्चित करने में मदद के लिए कतर, तुर्की, सऊदी अरब, मिस्र और जॉर्डन जैसे देशों के प्रति आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि कहा कि इसे संभव बनाने के लिए कई लोगों ने बहुत मेहनत की है और यह एक महत्वपूर्ण दिन है।

**ट्रंप ने अपने बयान में इन देशों का जताया आभार :** अपने वीडियो संदेश में ट्रंप ने कहा, मैं उन देशों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्होंने इसे एक साथ लाने में मेरी मदद की - कतर, तुर्की, सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन और कई अन्य। इतने सारे लोगों ने बहुत कड़ा संघर्ष किया। यह एक बड़ा दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि शांति समझौता निकट है। कई देश मध्य पूर्व में युद्ध समाप्त करने व शांति स्थापित करने के लिए एकजुट हैं। ट्रंप ने कहा, मैं बंधकों के अपने माता-पिता के पास घर लौटने का इंतजार कर रहा हूं। दुर्भाग्य से, आप जानते हैं कि कुछ बंधक किस हालत में हैं। उनके माता-पिता भी उन्हें उतना ही चाहते हैं जितना कि उस युवक या युवती के जीवित रहते हुए उन्हें चाहतेथे। इसलिए मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह एक बहुत ही खास दिन है, शायद कई मायनों में अभूतपूर्व।



**हर कोई मध्य पूर्व में शांति हासिल करने की दिशा में एकजुटः ट्रंप :** ट्रंप ने कहा, हमें बहुत अधिक सहायता मिली। हर कोई इस युद्ध के अंत और मध्य पूर्व में शांति हासिल करने की दिशा में एकजुट था, और हम इसे प्राप्त करने के बहुत करीब हैं। ट्रंप की ओर से ट्रुथ पर एक सोशल पोस्ट में की गई टिप्पणी के तुरंत बाद आई। अपने पोस्ट में ट्रंप ने लिखा था, हमास की ओर से हाल ही में जारी बयान के आधार पर, मेरा मानना है कि वे स्थायी शांति के लिए तैयार हैं। इस्राइल को गाजा पर बमबारी तुरंत रोकनी चाहिए, ताकि हम बंधकों को सुरक्षित और जल्दी से बाहर निकाल सकें! अभी ऐसा करना बहुत खतरनाक है। हम पहले से ही इस पर चर्चा कर रहे हैं कि किन विवरणों पर काम किया जाना है। यह केवल गाजा के बारे में नहीं है, यह मध्य पूर्व में लंबे समय से मांगी जा रही शांति के बारे में है।

# महिला विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। रिपोर्ट में पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे।

यह फैसला दोनों क्रिकेट बोडरं के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया।

पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में उनकी निरंतर भागीदारी के लिए पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद एक अचानक हुई बैठक हुई, जिसके वीडियो के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

अगले सुपर फॉर मैच के दौरान यह मतभेद और गहरा गया जब कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैदान पर तीखे इशारे किए। फ़ाइनल में कड़ी टक्कर के बाद, भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जो वर्तमान में एशियाई क्रिकेट परिषद और पीसीबी दोनों के अध्यक्ष हैं और पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। नकवी ट्रॉफी देने के लिए किसी और को न सौंपने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए भारतीय खिलाड़ियों ने 90 मिनट की लंबी देरी के बाद बिना ट्रॉफी के ही जश्न मनाया।

महिला टीमें हाथ मिलायेंगी या नहीं, यह एक बड़ा मुद्दा था, यहां तक कि क्रिकेट पर भी इसका असर पड़ा, विश्व कप मुकाबले से पहले, जिसके लिए कोलंबो पाकिस्तान का तटस्थ बेस है। भारत इस टूर्नामेंट का निर्धारित मेजबान है, लेकिन दोनों देश एक-दूसरे की धरती पर नहीं खेलते। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने मैच के दिन की अपनी दिनचर्या मैच के निर्धारित समय से लगभग 90 मिनट पहले शुरू की, जब आसमान धूप से बादलों में बदल गया। शनिवार को इसी मैदान पर शाम तक लगातार बारिश के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच रद्द हो गया था।

भारत ने मैदान के एक तरफ अपना अभ्यास सत्र आयोजित किया, उसके बाद कुछ खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला, जबकि



अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने अपनी निर्धारित साइड पिच पर थोड़ी देर के लिए गेंदबाजी की। भारत के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने मैच से पहले टीम को संबोधित किया, जिसके बाद उन्होंने और हरमनप्रीत ने सेंटर पिच का निरीक्षण किया।

मैच के दिन के प्रोटोकॉल से पहले शुक्रवार को आर प्रेमदासा मैदान पर भारत के पहले प्रशिक्षण सत्र से पहले पिच को ढक दिया गया था, और अंततः बारिश के कारण वे रविवार तक इसका निरीक्षण नहीं कर पाए। इस बीच, पाकिस्तान की टीम ने अपने डगआउट में अभ्यास करने का फैसला किया, जहां कप्तान सना ने एक संक्षिप्त बैठक में अपने खिलाड़ियों को संबोधित किया।

# डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले शीर्ष पांच भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जडेजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले शीर्ष पांच भारतीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।


### डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष 5 भारतीय

खिलाड़ियों में रनों के मामले में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नंबर एक पर हैं। वहीं शुभमन गिल 2697 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऋषभ 2731 और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 2716 रनों के साथ ही पहले और दूसरे नंबर पर हैं। वहीं रवींद्र जडेजा विराट कोहली के पीछे पांचवें स्थान पर हैं।

वहीं विकेटों की बात करें तो डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड आर अश्विन के नाम है। उनके नाम 195 विकेट हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह 173 विकेट के साथ ही सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों के अलावा अभी तक कोई भारतीय डब्ल्यूटीसी में 150 विकेट भी नहीं ले पाया है। रवींद्र जडेजा सूची में 142 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं मोहम्मद सिराज कुल 130 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। भारतीय टीम से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी 85 विकेट के साथ पांचवें और आखिरी नंबर पर हैं।

# एशिया कप 2025 ट्रॉफी चोरी का मामला- लखनऊ के क्रिकेट प्रेमी ने दुबई पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत

**लखनऊ (एजेंसी)।** दुबई में 27 सितंबर 2025 को संपन्न हुए एशिया कप 2025 फाइनल के दौरान हुई ट्रॉफी चोरी के गंभीर मामले पर लखनऊ निवासी एक क्रिकेट प्रेमी संजय शर्मा ने दुबई पुलिस को औपचारिक शिकायत की है। बीते 30 सितम्बर को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के अध्यक्ष एवं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी को कानूनी तरीके से विजेता भारतीय टीम को सौंपने के बजाय अपने कब्जे में ले लिया।




शिकायत में इस गैरकानूनी कृत्य को क्रिकेट समुदाय के लिए गहरा आघात बताया गया है, जिससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने दुबई पुलिस विभाग से मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा ट्रॉफी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

इस शिकायत की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC), भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) और संबंधित अन्य क्रिकेट संस्थाओं को भी दी गई है। दुबई पुलिस ने प्राप्त शिकायत का शीघ्र उत्तर देते हुए 48 कार्यघंटों में वापसी का भरोसा भेजा है। यह मामला न केवल खेल के नैतिक आदर्शों के उल्लंघन का प्रश्न है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की प्रतिष्ठा और खेलों में पारदर्शिता व जवाबदेही के सिद्धांतों की भी परीक्षा है। भारतीय क्रिकेट समर्थक संजय शर्मा के प्रयास और दुबई पुलिस की इस कार्वाई से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही न्याय होगा।

# महिला विश्व कप : जीत का खाता खोलने के इरादे से उतरेंगे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका

**इंदौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सोमवार को जब महिला विश्व कप के मैच में आमने-सामने होंगी तो अपने शुरुआती मुकाबलों में मिली करारी हार की निराशा को भुलाकर जीत का खाता खोलने का प्रयास करेंगी। न्यूजीलैंड को जहां अपनी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती तो वहीं दक्षिण अफ्रीका की नजरें अपनी बल्लेबाजों की फॉर्म पर होगी।

न्यूजीलैंड को पहले मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंद दिया। दोनों ही मुकाबलों में हारने वाली टीम की बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22वें ओवर में पांच विकेट पर 128 रन करने के बावजूद उसे 326 रन बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की और कप्तान सोफी डिवाइन की 112 रन की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने आखिरी




पांच विकेट केवल 19 रन पर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह एकतरफा मुकाबला रहा क्योंकि उनकी टीम 69 रन पर आउट हो गई और उसकी केवल एक खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाई। दक्षिण अफ्रीका को प्रतिस्पर्धी बनने के लिए लॉरा वोलवार्ट, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और मारिजैन कैप के बल्ले से बेहतर योगदान की उम्मीद होगी।


विश्व कप से पहले अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान से हार गई थी और सिर्फ 115 रन ही बना पाई थी जो बल्ले से उनकी लगातार नाकामी को दर्शाता है। हालांकि कागजों पर न्यूजीलैंड प्रबल दावेदार है क्योंकि उनके पास गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में बेहतर क्षमता है, विशेषकर स्पिन गेंदबाजी में जहां अमेलिया केर के 10 ओवर निर्णायक साबित होंगे। एक और पहलू यहां की परिस्थितियां हैं जिन्हें न्यूजीलैंड बेहतर समझता है क्योंकि वे इस मैदान पर अपना लगातार दूसरा मैच खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका गुवाहाटी से आएगा और उसकी बल्लेबाज एक अच्छी पिच पर बल्लेबाजी करना चाहेंगी जहां गेंद आसानी से बल्ले पर आती हो।

### टीमें

**न्यूजीलैंड** - सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मायर, जॉर्जिया प्लिमर, लिया ताहुहु।

**दक्षिण अफ्रीका** - लॉरा वोलवार्ट (कप्तान), ताजमिन ब्रिट्स, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, एनेके बॉश, सिनालो जाफ्टा (विकेटकीपर), क्लो ट्रायोजन, नादिन डि क्लार्क, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सुने लुस, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शंगासे और काराबो मेसो।

# पेरीकार्ड ने शंघाई मास्टर्स में फिट्ज को हराकर किया उलटफेर



शंघाई ।फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया।लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की।पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी।अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

# विश्वकप 2027 है हमारा लक्ष्य : शुभमन

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के नये एकदिवसीय कप्तान बने शुभमन गिल ने कहा है कि उनका लक्ष्य विश्व कप 2027 है। शुभमन को ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले रोहित शर्मा की जगह पर एकदिवसीय प्रारुप की कप्तानी सौंपी गयी है। जिससे ये युवा बल्लेबाज बेहद उत्साहित है। इससे पहले उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था। एकदिवसीय प्रारुप की कप्तानी मिलने के बाद शुभमन ने कहा कि 2027 विश्वकप से पहले टीम को कुल 20 एकदिवसीय मैच खेलने को मिलेंगे। इसमें टीम अपने प्रदर्शन को निखारने पर ध्यान देगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वीडियो में शुभमन ने कहा, 'अपने देश की एकदिवसीय में कप्तानी करना एक बड़ा सम्मान है, जिससे वह गर्व का अनुभव कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगे।' इस बल्लेबाज ने आगे कहा, 'दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप खेलने से पहले हमारे पास करीब 20 एकदिवसीय मैच हैं, जिसमें हमारे पास प्रदर्शन सुधारने का अच्छा अवसर है। साथ ही कहा कि हम जो भी खेलेंगे और जिन खिलाड़ियों के साथ भी खेलेंगे, वे विश्व कप से पहले एक शानदार सत्र खेलने का पूरा प्रयास करेंगे। ऐसे में खिताब के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले हम पूरी तरह से लय में रहेंगे।' वहीं दूसरी ओर रोहित को अचानक ही कप्तानी से हटाए जाने पर हरभजन सिंह सहित कई दिग्गज क्रिकेटर्स ने नाराजगी जतायी है। उनका कहना है कि छह महीने पहले ही रोहित की कप्तानी में टीम ने आईसीसी चैंम्पयंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में उन्हें कप्तानी से नहीं हटाया जाना चाहिये था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे तक तो कप्तान बनाया जाना चाहिये था।




# विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी, फाइनल में शेष भारत को बड़े अंतर से हराया

**नागपुर (एजेंसी)।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे



विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुये। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे ने चार विकेट लिये। आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले। पार्थ रेखड़े और दर्शन नलकंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन तथा दूसरी पारी में 232 रन का स्कोर किया। शेष भारत ने पहली पारी में 214 रन बनाये थे और उसे दूसरी में जीत के लिए 361 रनों का लक्ष्य मिला था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विदर्भ ने वर्ष 2017-18 और 2018-19 में दो बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता है। अभी तक खेले 63 फाइनल मैचों में शेष भारत 31वीं बार उपविजेता रहा है।

# बहन की शादी में भी शामिल नहीं हो पाये अभिषेक

लुधियाना ।आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारत ए टीम की ओर से खेलने के कारण अपनी बहन की शादी में भी शामिल नहीं हो पाये।हाल ही में अभिषेक की बहन कोमल की शादी कारोबारी लोविश ओबरॉय के साथ हुई थी।ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ जारी सीरीज को देखते हुए अभिषेक को कानपुर जाना पड़ा था और इसी कारण वह बहन की शादी में शामिल नहीं हो सके।अभिषेक ने जिस प्रकार देश के लिए इतना बड़ा फैसला लिया।उसके लिए उनकी प्रशंसा भी हो रही है।देश के लिए उनके समर्पण से प्रशंसक बेहद प्रभावित हैं।, जिसके बाद से ही हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है।अभिषेक 30 सितंबर को शुगन की रस्म में ही शामिल हुए थे।इस समारोह में अभिषेक के साथ उनके गुरु और पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह सहित कई क्रिकेटर भी शामिल हुए थे।शगुन समारोह के बाद ही अभिषेक सीधे ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए कानपुर के लिए रवाना हो गए थे।

# सैमसन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शायद ही नजर आयें

## -बोर्ड की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं



मुम्बई ।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम चयन में एक बार फिर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की उपेक्षा हुई है।सैमसन को इस दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है।उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता दी है। चयनसमिति ने उन्हें बैकअप विकेटकीपर के तौर पर भी शामिल नहीं किया है।इससे साफ है कि अब सैमसन भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और उनका अंतरराष्ट्रीय कैरियर समाप्त होने की ओर है।चयन समिति के फैसले से सभी को हैरानी इस लिए भी हुई है क्योंकि सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेले गये अपने अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक लगाया था।इसके बाद भी उनके नाम पर विचार नहीं हुआ।वहीं इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भी उन्हें जगह नहीं मिली थी।तब केएल राहुल मुख?य विकेटकीपर जबकि ऋषभ पंत इस टीम में वैकल्पिक विकेटकीपर थे।यही कारण है कि इस आईसीसी इवेंट में सैमसन को जगह नहीं मिली थी।वहीं अभी ऋषभ चोटिल होने के कारण बाहर हैं।ऐसे में राहुल के विकल?प के तौर पर सैमसन नहीं बल्कि जुरेल को रखा गया है। अजीत अगरकर के नेतृत?व वाली भारतीय चयनसमिति ने सैमसन की जगह पर जुरेल को रखे जाने पर कहा कि जुरैल मध्य क्रम खेलते हैं जिसमें हमें बल्लेबाज की जरुरत थी जबकि सैमसन शीर्ष क्रम में खेलते हैं जिसमें पहले ही कई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।यहा कारण है कि दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जुरैल को अवसर दिया गया हैं।इससे साफ है कि अब सैमसन भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और उनका अंतरराष्ट्रीय कैरियर समाप्त होने की ओर है।

# विराट और रोहित का क्या होगा भविष्य? 2027 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में हुआ बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने आईपीएल 2025 के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है, जिसके चलते फैन्स उनकी मैदान पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार 19 अक्टूबर को खत्म होगा, जब भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे मुकाबला खेलेगा।

### रोहित से छीनी गई कप्तानी

बड़ी खबर यह है कि रोहित शर्मा अब वनडे टीम की कप्तानी नहीं करेंगे और इस सीरीज में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज खेलेंगे। उनकी जगह शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के इस फैसले ने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया है। फैन्स सवाल उठा रहे हैं कि शानदार कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद रोहित से कप्तानी क्यों छीनी गई, जिन्होंने हाल ही में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को खिताब दिलाया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई और टीम प्रबंधन ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक रणनीति तैयार की है। इस दौरान यह सहमति बनी कि शुभमन गिल को वनडे कप्तान बनाया जाए। इस बदलाव की सबसे बड़ी चुनौती रोहित शर्मा को मनाना था, जिनका कप्तानी रिकॉर्ड शानदार रहा है।

### मैदान से दूरी रही रोहित के खिलाफ

बीसीसीआई अधिकारियों का मानना है कि अगला वनडे वर्ल्ड कप दो साल बाद है और रोहित शर्मा केवल वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं, जिसके कारण उन्हें पर्याप्त मैच अभ्यास नहीं मिलता। रोहित ने सभी फिटनेस मानक पूरे किए हैं, लेकिन हाल में क्रिकेट से उनकी दूरी उनके खिलाफ गई। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि रोहित का सीमित क्रिकेटिंग एक्शन चयन समिति के फैसले का एक कारण रहा।

रोहित ने आखिरी बार आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था, जबकि उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में था। शुरुआत में बीसीसीआई के भीतर कप्तानी बदलाव को लेकर मतभेद थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के नजदीक आने पर इस बदलाव के पक्ष में सहमति बन गई।

### विराट कोहली की स्थिति भी समान

रिपोर्ट में बताया गया कि विराट कोहली की स्थिति भी रोहित शर्मा जैसी है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी इस समय केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। रोहित 38 वर्ष के हैं, जबकि विराट 36 साल के हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷अगर हम बदलाव को और टालते हैं, तो यह और जटिल हो जाएगा। दो खिलाड़ियों में से एक 38 और दूसरा 36 साल का है। युवा खिलाड़ियों पर दांव लगाना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प है, क्योंकि वे फॉर्म या फिटनेस खो सकते हैं, लेकिन भविष्य के लिए यह जरूरी है।÷

### अगरकर का बयान: 2027 वर्ल्ड कप के लिए कोई गारंटी नहीं

अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की नीति के अनुसार, टीम में चयन के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा। अब यह देखना होगा कि रोहित और विराट विजय हजारे ट्रॉफी जैसे घरेलू वनडे टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हैं या नहीं। अगर बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट खेलने का दबाव बढ़ाती है, तो दोनों खिलाड़ी निकट भविष्य में बड़ा फैसला ले सकते हैं।

### आकाश चोपड़ा की राय

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए था, क्योंकि इससे उन्हें पर्याप्त गेम टाइम मिलता। चोपड़ा ने कहा, 'रोहित और कोहली को अब लगातार रन बनाने होंगे, वरना कोई और उनकी जगह ले सकता है।'

### बीसीसीआई की नजर भविष्य पर

बीसीसीआई अब 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों के इर्द-गिर्द टीम तैयार करना चाहती है। शुभमन गिल की कप्तानी इसी रणनीति का हिस्सा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के दो बड़े सितारे हैं, लेकिन चयन समिति ने संकेत दे दिया है कि अब भविष्य की ओर देखने का समय है। यह बदलाव




प्रशंसकों के लिए भावनात्मक रूप से कठिन हो सकता है, लेकिन यह भारतीय क्रिकेट में एक नई शुरुआत का संकेत भी है।

# प्रॉपर्टी बेच कर निवेशकों का पैसा लौटाना चाहता है सहारा ग्रुप

## सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

**मुंबई**

सहारा समूह अब अपनी कुछ बड़ी संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज को बेचकर निवेशकों का पैसा वापस करना चाहता है। इस सौदे को पूरा करने की अनुमति देने के लिए सहारा समूह ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन किया है।

अगर सुप्रीम कोर्ट इस सौदे को मंजूरी दे देता है तो वर्षों से हजारों निवेशकों का पैसा वापस मिलने का रास्ता खुल सकता है। सहारा समूह की कंपनी, सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जिन संपत्तियों को बेचने की अनुमति मांगी है उनमें महाराष्ट्र की एंबी वैली और लखनऊ का सहारा शहर भी शामिल हैं।

याचिका पर संभवतः 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अधिवक्ता के माध्यम से दायर याचिका में सहारा समूह से संबंधित विभिन्न संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को 6 सितंबर 2025 की 'टर्म शीट' में निर्धारित नियमों एवं शर्तो पर बेचने की बात कही गई है। याचिका में कहा गया कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों के अनुसरण और अनुमति से एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी मुश्किल से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए हैं।

इन संपत्तियों को बेचने से मिलने वाली राशि को बाजार नियामक सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से सहारा समूह ने अपनी चल एवं अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं और उसे सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया है। समूह ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि 6 सितंबर 2025 की टर्म शीट के तहत एसआईसीसीएल और अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुई डील, जिसमें 88 संपत्तियों की बिक्री का प्रस्ताव है, को मंजूरी दी जाए। कंपनी ने कहा कि यह प्रस्तावित लेन-देन न केवल सहारा समूह की संपत्तियों से महत्वपूर्ण मूल्य निकालने में मदद करेगा, बल्कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार उसकी वित्तीय देनदारियाँ पूरी करने में भी सहायक होगा।

# सेंसेक्स की 10 प्रमख कंपनियों में सात का मार्केट कैप 74,573 करोड़ बढ़ा

## एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ, रिलायंस का मार्केट कैप घटा

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,106.28 करोड़ रुपये बढ़कर 14,81,889.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,587.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,72,507.17 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 9,276.77 करोड़ रुपये बढ़कर 8,00,340.70 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 7,859.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,97,806.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 19,351.44 करोड़ रुपये घटकर 18,45,084.98 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 12,031.45 करोड़ रुपये घटकर 10,80,891.08 करोड़ रुपये और इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 850.32 करोड़ रुपये घटकर 6,00,954.93 करोड़ रुपये रह गया। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।



# तेल-तिलहन बाजार में भारी गिरावट, मांग कमजोर

**कमजोर मांग, ऊंचे थोक भाव और खराब कारोबारी धारणा के कारण बाजार दबाव में रहा**



**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह भारत के तेल-तिलहन बाजार में त्योहारों के मौसम के बावजूद कीमतों में व्यापक गिरावट देखी गई। सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल के थोक भाव गिरावट के साथ बंद हुए।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर मांग, ऊंचे थोक भाव और खराब कारोबारी धारणा के कारण बाजार दबाव में रहा। मलेशिया एक्सचेंज में पाम तेल की कीमतें सट्टेबाजी के चलते मजबूती दिखा रही हैं, लेकिन भारत में ठंड के मौसम के कारण पाम तेल की मांग सामान्यतः घटती है, क्योंकि यह ठंड में जम जाता है। इस वजह से घरेलू बाजार में पाम और पामोलीन तेल के दाम दबाव में आए। वहीं सरसों तेल की कीमतें भी आयातित रिफाइंड तेलों की तुलना में अधिक होने से उसकी मांग कमजोर रही।

सरकार ने आयात शुल्क मूल्य में भी वृद्धि की है। सीपीओ के आयात शुल्क में 41, पामोलीन में 107 और सोयाबीन डीगम तेल में 21 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, आगामी रबी तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वृद्धि की गई है।

डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी के चलते आयात महंगा हुआ है, जिससे बाजार में अतिरिक्त दबाव बना। सरसों की फसल किसानों और स्टॉकिस्टों के पास होने के कारण बिकवाली तेज हुई, जिससे दामों में गिरावट आई।

बीते दो महीनों में सरसों तेल के थोक दाम लगभग 20-22 रुपए प्रति किलो तक टूट चुके हैं। हालांकि, खुदरा बाजार में इस गिरावट का कोई खास असर नहीं दिखा है, जो बाजार पारदर्शिता के लिए चिंता का विषय है। सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला तेलों के दाम भी कमजोर मांग और निर्यात में कमी के कारण नीचे आए। इस तरह तेल-तिलहन बाजार फिलहाल अस्थिर बना हुआ है, जबकि त्योहारों के बाद मांग में सुधार की उम्मीद है।

# भारतीय कार बाजार में कई नई कारें और एसयूवी देंगी दस्तक



**नई दिल्ली**

त्यौहारी मौसम को देखते हुए अक्टूबर 2025 में कई नई कारें और एसयूवी भारतीय सड़कों पर दस्तक देने वाली हैं। इस लिस्ट में महिंद्रा, निसान, स्कोडा, सिट्रोन और मिनी जैसी ब्रांड्स शामिल हैं। महिंद्रा अपने लोकप्रिय बोलेरो और बोलेरो नियो को मॉडल ईयर अपडेट के साथ पेश करने वाली है। जानकारी के अनुसार इन एसयूवी में नई ग्रिल, नया एयर डैम, नए एलॉय व्हील्स, ब्लैक और ब्राउन इंटीरियर्स, फॉग लाइट और 10.25-इंच टचस्क्रीन जैसे फीचर्स मिलेंगे। बोलेरो के समान ही बोलेरो नियो में भी अपडेटेड फीचर्स की उम्मीद है। इसके अलावा, महिंद्रा थार 3-डोर का रिफ्रेश्ड वर्जन लॉन्च होगा। ऑफ-रोडिंग पर फोकस्ड इस एसयूवी में नए ग्रिल, डुअल-टोन बंपर, फ्रंट आर्मरेस्ट, रिवर्स पार्किंग कैमरा और अन्य कई बदलाव शामिल होंगे।

निसान की नई सी-एसयूवी अगले साल की शुरुआत में लॉन्च होगी।

यह टेरानो की उत्तराधिकारी होगी और नई पीढ़ी की रेनो डस्टर जैसी खूबियों से लैस होगी। 7 अक्टूबर को इसका अनावरण होगा, और यह मारुति ग्रैंड विटारा, किआ सेल्टोस और हुंडई क्रेटा जैसी कारों को टक्कर देगी। स्कोडा अपनी पॉपुलर ऑक्टेविया आरएस सेडान को भारत में फिर से पेश करेगी।17 अक्टूबर को कीमतों का ऐलान होगा और केवल 100 यूनिट ही देश में आयात होंगी। इसमें 2.0-लीटर, टर्बो-पेट्रोल इंजन और 7-स्पीड डीएसटी ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलेगा। इसमें 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन होगा, जो 300 बीएचपी और 400 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा और 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार 5.4 सेकंड में पकड़ लेगा। सिट्रोन एयरक्रॉस एक्स में नए फीचर्स, ऑल-एलईडी लाइटिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और एआई वॉइस असिस्टेंट जैसी खूबियां होंगी।

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू

## निवेश और व्यापार में उम्मीदें बढ़ीं 'मेक इन इंडिया' की ओर झुका यूरोप

**नई दिल्ली**

6 अक्टूबर से ब्रसेल्स में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की 14वीं दौर की वार्ता शुरू हो रही है। इस समझौते के जरिए दोनों पक्ष व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसरों को साकार करना चाहते हैं। यूरोपीय कंपनियों ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और 'मेक इन इंडिया' पहल में गहरी रुचि दिखाई है। यूरोपीय बिजनेस फेडरेशन इन इंडिया (फेबी) के सर्वे के मुताबिक भारत में 6,000 से अधिक यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं, जो करीब 30 लाख लोगों को रोजगार देती हैं। ये कंपनियां न केवल निवेश कर रही हैं, बल्कि भारत में निर्माण, नवाचार और निर्यात को भी बढ़ावा दे रही हैं, जो 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति दे रहा है। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों के बीच वस्तुओं का व्यापार 120 अरब यूरो तक पहुंच चुका है, जो अमेरिका और चीन से अधिक है।

सेवाओं सहित यह व्यापार 180 अरब यूरो तक पहुंच गया है। इसके बावजूद व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं बाकी हैं, जिन्हें एफटीए के माध्यम से खोला जा सकता है। वार्ता में निवेश सुरक्षा समझौते पर भी चर्चा हो रही है, जिससे निवेशकों के लिए स्थिर और पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित होगा। साथ ही ईयू भारत रणनीतिक एजेंडा भी पेश किया गया है, जिसमें प्रौद्योगिकी, रक्षा, सतत विकास और गतिशीलता जैसी महत्वपूर्ण पहलें शामिल हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते को 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।



# अक्टूबर में दो दिन में एफपीआई ने बेची 3,842 करोड़ की इक्विटी



**मुंबई** अक्टूबर 2025 की शुरुआत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए मंदी भरी रही। महीने के पहले दो कारोबारी दिनों में एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 3,842 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के चलते बाजार बंद रहा, जिससे अब तक केवल दो दिन ही कारोबार हो पाया है। वित्त मंत्रालय और एक्सचेंज आंकड़ों के अनुसार एफपीआई की कुल शुद्ध निकासी 1,262 करोड़ रुपये रही, जिसमें अन्य पूंजी बाजार निवेश शामिल हैं। एफपीआई द्वारा इतनी बड़ी बिकवाली से बाजार में सतर्कता बढ़ गई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वैश्विक ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जैसे कारक निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर रहे हैं। यदि यह रुझान जारी रहा, तो निकट भविष्य में बाजार पर दबाव बढ़ सकता है।

# बीएल एग्रो का पांच वर्षों में 3,000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य

**नई दिल्ली** उत्तर प्रदेश स्थित बीएल एग्रो अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए अगले पांच वर्षों में अपने राजस्व को 2.5 गुना बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी मुख्य रूप से खाद्य तेल और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का विक्रय करती है। बीएल एग्रो के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि कंपनी चावल और दूध जैसी विभिन्न खाद्य श्रेणियों में विस्तार योजनाओं के वित्तपोषण के लिए ये निवेश करेगी। बीएल एग्रो समूह बैल कोल्हू ब्रांड के तहत खाद्य तेल और नरिश तथा अन्य ब्रांडों के तहत प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बेचती है। उसने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 8,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया। बरेली स्थित इस पारिवारिक स्वामित्व वाले समूह की अगले पांच वर्षों में कई परियोजनाओं के विस्तार पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है, जिसमें दूध के साथ ही चावल का व्यवसाय भी शामिल है।

# रेनॉल्ट लागत कम करने 3,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

**कंपनी ने हाल ही में लगभग 13 अरब डॉलर) का भारी नुकसान दर्ज किया**

**नई दिल्ली** फ्रांसीसी ऑटोमोबाइल कंपनी रेनॉल्ट अपनी लागत में कटौती करने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाने जा रही है। कंपनी ने सपोर्ट फंक्शन्स जैसे मानव संसाधन, वित्त और मार्केटिंग में लगभग 15 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बनाई है। इससे करीब 3,000 नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। यह छंटनी मुख्य रूप से कंपनी के मुख्यालय बूलोन-बिलांकॉर्ट (पेरिस के पास) और दुनिया भर के अन्य कार्यालयों में की जाएगी। इस योजना को रेनॉल्ट ने ÷एरो÷ नाम दिया है। 2024 के अंत तक रेनॉल्ट के पास कुल 98,636 कर्मचारी थे। कंपनी ने हाल ही में 11.2 अरब यूरो (लगभग 13 अरब डॉलर) का भारी नुकसान दर्ज किया है, जिसमें से 9.3 अरब यूरो का हिस्सा उनके पार्टनर निसान के राइट-डाउन से जुड़ा है। इसके बावजूद, रेनॉल्ट की आय पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हो गई है, जो केवल 461 मिलियन यूरो रही। वैन मार्केट की कमजोरी, इलेक्ट्रिक वाहनों की महंगी उत्पादन लागत और चीनी कार कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने कंपनी पर अतिरिक्त दबाव डाला है। जुलाई में नई नियुक्ति फ्रांस्वा प्रोवोस्ट ने सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला है। उनके सामने कंपनी की माली हालत सुधारने और क्रेडिट रेटिंग को निवेश योग्य स्तर तक लाने की चुनौती है। साथ ही, उन्हें अमेरिकी टैरिफ और चीनी प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए भी रणनीति बनानी होगी। इस वजह से कंपनी तेजी से खर्च कम करने और संचालन को बेहतर बनाने के उपाय कर रही है। हालांकि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन यह योजना साल के अंत तक फाइनल हो सकती है।

# सुरक्षा मानकों को सिट्रोन सी 3 एयरक्रॉस ने नई ऊंचाई पर पहुंचाया

**नई दिल्ली** भारत में सुरक्षा मानकों को सिट्रोन सी 3 एयरक्रॉस ने नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इस एसयूवी अब भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम से 5-स्टार रेटिंग हासिल की है। यह रेटिंग इसके 5-सीटर वेरिएंट को मिली है। एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में इसे 32 में से 27.05 अंक और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में 49 में से 40 अंक मिले हैं। हालांकि बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे 4-स्टार रेटिंग दी गई है। डाइनामिक टेस्टिंग में एसयूवी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए 24 में से पूरे 24 अंक हासिल किए। ब्रिटेक्स रोमर आई-साइज चाइल्ड सीट्स और सीआरएस इंस्टॉलेशन के चलते इसे 12 में से पूरे अंक मिले। यह साबित करता है कि एसयूवी बच्चों की सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम है। सी3 एयरक्रॉस की मजबूती का राज इसका हाई-स्ट्रेंथ, एडवांस्ड और अल्ट्रा-हाई-स्ट्रेंथ स्टील स्ट्रक्चर है। इससे टक्कर की स्थिति में केबिन की सुरक्षा बेहतर रहती है। एसयूवी के सभी वेरिएंट्स में 6 एयरबैग्स, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, इसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकर, सीट बेल्ट रिमाइंडर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और हिल-होल्ड असिस्ट जैसी सुविधाएं स्टैंडर्ड हैं। सुरक्षा के अलावा इसमें एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स और फ्लेक्सिबल सीटिंग जैसे फीचर्स भी हैं। यह एसयूवी 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.2 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन में आती है, दोनों मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्पों के साथ। हालांकि यह रेटिंग फिलहाल केवल 5-सीटर वेरिएंट पर लागू होती है। इसके बावजूद, यह एसयूवी अब भारत एनकैप द्वारा टेस्ट की गई सबसे सुरक्षित मिड-साइज़ एसयूवी में शामिल हो गई है।

# तिमाही नतीजे आईपीओ और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की दिशा

**अमेरिकी एफओएमसी मिनट्स और शटडाउन जैसे अहम कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर**



**मुंबई** भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह कई अहम घटनाओं से भरपूर रहने वाला है। निवेशकों की नजर मुख्य रूप से दूसरी तिमाही के नतीजों, नए आईपीओ और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर टिकी रहेगी। 9 अक्टूबर को आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और टाटा एलेक्सी अपने जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। टीएसीएस के नतीजे आईटी सेक्टर की दिशा निर्धारित कर सकते हैं, खासकर जब सेक्टर में धीमी ग्रोथ को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। इस सप्ताह का एक और बड़ा आकर्षण होगा टाटा कैपिटल का आईपीओ, जिससे निवेशकों के बीच खासा उत्साह है। साथ ही एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के संभावित आईपीओ से जुड़ी किसी भी अपडेट पर भी बाजार की नजर रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर यूएस फेडरल रिजर्व की बैठक के एफओएमसी मिनट्स जारी किए जाएंगे, जो यह स्पष्ट करेंगे कि अमेरिका में ब्याज दरें आगे क्या रुख लेंगी। इसके साथ ही, अमेरिकी सरकार के शटडाउन की स्थिति भी वैश्विक निवेश धारणा को प्रभावित कर सकती है। पिछले सप्ताह बाजार में मजबूती देखी गई। इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। निवेशकों को सतर्कता और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता होगी।

# अमेरिकी सरकार के शटडाउन के बीच बिटकॉइन की बड़ी छलांग, कीमत 1.25 लाख डॉलर के पार

**नई दिल्ली**

अमेरिकी सरकार के शटडाउन के बीच, बिटकॉइन की कीमतों में एक बार फिर से तेजी देखी जा रही है और कीमत 1,25,000 डॉलर के पार निकल गई है। बिटकॉइन की कीमतों में बीते आठ सत्रों से बढ़त देखी जा रही है। इसकी वजह बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में इनफ्लो आना है। इससे पहले बिटकॉइन का उच्चतम स्तर 1,24,480 डॉलर था, जो कि अगस्त के मध्य में रिकॉर्ड किया गया है।

बिटकॉइन में तेजी की वजह अमेरिकी सरकार की ओर से क्रिप्टोकरेंसी समर्थित नीतियां, डॉलर का अन्य विदेशी मुद्राओं के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन और अमेरिकी सरकार के शटडाउन के कारण अस्थिरता का बढ़ना है, जिससे अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप हो गया है। विश्लेषकों का कहना है कि यह तेजी का रुझान बिटकॉइन के हाफिंग इवेंट के बाद के प्रदर्शन के अनुरूप है।



आमतौर पर, हाफिंग इवेंट को बिटकॉइन के लिए दीर्घकालिक मूल्य वृद्धि को गति देने वाले उत्प्रेरक के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इसमें क्रिप्टोकरेंसी की वॉल्यूम में आधी कटौती की जाती है। डिसइन्फो लैब के अनुसार, अमेरिका पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत कर रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परिवार के वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल और पाकिस्तान में सैन्य-संबंधित फंडों से जुड़े एक क्रिप्टोकरेंसी समझौते पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। एक ब्रिटिश-पाकिस्तानी उद्यमी बिलाल बिन साकिब जो अब पाकिस्तान की हाल ही में बनाई गए क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) के सीईओ और ब्लॉकचेन पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में कार्यरत हैं, डब्ल्यूएलएफ के सलाहकार भी हैं, जिससे हितों के टकराव की चिंताएं बढ़ रही हैं। जून 2025 में, पाकिस्तान ने ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने और डीसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस (डीईएफआई) को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप समर्थित क्रिप्टो वेंचर वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (डब्ल्यूएलएफ) और बिनेंस के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

# दिल्ली में चांदी की कीमत स्थिर, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली** दिल्ली में रे विवार को चांदी की कीमतों में स्थिरता देखी गई है। बाजार में चांदी 155 रुपए प्रति ग्राम, 15,500 रुपए प्रति 100 ग्राम और 1,55,000 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। यह दरें पिछले दिन के मुकाबले समान हैं। हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में चांदी की मांग में कमी नहीं आई है। चांदी न सिर्फ गहनों में बल्कि निवेश और सजावटी उपयोग के लिए भी काफी लोकप्रिय हो रही है। त्योहारों और शादी के सीजन में इसकी मांग में और भी तेजी आती है। महिलाएं अब चांदी के गहनों जैसे पायल, झुमके और कड़े में ज्यादा रुचि दिखा रही हैं। वहीं निवेशक इसे गोल्ड के बाद दूसरा सबसे सुरक्षित मेटल मानते हैं।

# ईडी ने ओजोन अर्बाना पर की कार्रवाई, 423 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

## ग्राहकों के साथ की गई धोखाधड़ी के कई मामलों की जांच के बाद हुई कार्रवाई

**बेंगलुरु**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु में मेसर्स ओजोन अर्बाना इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रमोटर एस वासुदेवन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 423.38 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

यह कार्रवाई कंपनी द्वारा ग्राहकों के साथ की गई धोखाधड़ी के कई मामलों की जांच के बाद हुई है। कंपनी पर आरोप है कि उसने ग्राहकों को समय पर फ्लैट नहीं दिए और निर्माण कार्य में देरी की। ग्राहकों से अग्रिम भुगतान लेकर न तो फ्लैट दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। इसके साथ ही कंपनी ने परियोजना पूरा होने तक ईएमआई भुगतान करने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। ईडी की जांच में पता चला कि कंपनी और प्रमोटर वासुदेवन ने मिलकर कुल 927.22 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

यह रकम विभिन्न समूह कंपनियों और संबद्ध व्यक्तियों के माध्यम से बेईमानी से रोक रखी गई है। ईडी ने ओजोन अर्बाना की कई परियोजनाओं में बिना बिके फ्लैट, व्यावसायिक भूमि और प्रमोटर व उनकी पत्नी की निजी संपत्तियां कुर्क की हैं। इनमें एवेन्यू के 92 फ्लैट, एक्वा 2 के 13 फ्लैट और मुदिगेरे के कन्नहल्ली गांव में 179 एकड़ भूमि शामिल है। कुल संपत्तियों का मूल्य 423.38 करोड़ रुपए बताया गया है।




पीएमएलए के तहत इस मामले में जांच जारी है।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने भी इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए यह कार्रवाई अहम कदम माना जा रहा है।

# पहली छमाही में 5जी हैंडसेट की हिस्सेदारी बढ़कर 87 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली** भारत के स्मार्टफोन शिपमेंट में साल 2025 की पहली छमाही में 5जी हैंडसेट की हिस्सेदारी बढ़कर 87 प्रतिशत हो गई है। भारत अब कुल स्मार्टफोन शिपमेंट में 5जी हिस्सेदारी के मामले में वैश्विक स्तर पर 14वें स्थान पर है। 2023 की पहली छमाही में भारतीय बाजार में स्मार्टफोन शिपमेंट की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत थी और देश वैश्विक स्तर पर 40वें स्थान पर था। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, 5जी स्मार्टफोन का चलन तेजी से बढ़ रहा है और 2025 की पहली छमाही में कुल वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट में इनकी हिस्सेदारी 71 प्रतिशत थी। विकसित और उभरते दोनों ही बाजारों में 5जी स्मार्टफोन की पहुंच तेजी से बढ़ी है, जिसका मुख्य कारण बढ़ती उपभोक्ता मांग, अफोर्डेबल डिवाइस और तेज 5जी नेटवर्क रोलआउट हैं। हालांकि, वेनेजुएला और इक्वाडोर जैसे कुछ देशों में स्मार्टफोन शिपमेंट में 5जी की हिस्सेदारी में बहुत धीमी वृद्धि देखी जा रही है। 2025 की पहली छमाही में, क्रम में नीचे के 10 देशों में 5जी की औसत हिस्सेदारी केवल 15 प्रतिशत थी और एशिया वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा 5जी स्मार्टफोन बाजार था। हालांकि, पाकिस्तान और बांग्लादेश सबसे कम 5जी अपनाने वाले देशों में शामिल थे। 2025 की पहली छमाही में एशिया में स्मार्टफोन शिपमेंट के मामले में पाकिस्तान सातवां सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन उसने अभी तक 5त्न सेवाएं शुरू नहीं की हैं।



# सैयारा के बाद अहान पांडे के हाथ लगी यशराज की फिल्म!

अहान पांडे अपनी पहली ही फिल्म से सुपरस्टार बन गए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी सैयारा ने उन्हें उस पायदान पर पहुंचा दिया, जिसके लिए तमाम सितारों को कई वर्ष संघर्ष करना पड़ता है। इन दिनों अहान की अगली फिल्मों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अहान ने यशराज फिल्म्स की अगली मूवी साइन कर ली है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर ऐसी पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। दूसरी तरफ हाल ही में अहान को संजय लीला भंसाली के दफ्तर के बाहर स्पॉट किया गया है।

यशराज फिल्म्स के दूसरे प्रोजेक्ट में एंट्री अहान पांडे की अगली फिल्म का दर्शक बेकरारी से इंतजार कर रहे हैं और उनके आगामी प्रोजेक्ट्स पर अपडेट चाहते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहान पांडे ने सैयारा के बाद ड्ड्त्रस्न की दूसरी फिल्म साइन की है, जो एक्शन रोमांस फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अली अब्बास जफर संभालेंगे। हालांकि, इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। देखना दिलचस्प होगा कि क्या वाकई अहान के हाथ यशराज फिल्म्स की अगली फिल्म लग गई है? या यह महज अफवाह है। इसके अलावा फिल्मी गलियारों में सुगबुगाहट यह भी शुरू हो गई है कि अहान नामी निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं। दरअसल, हाल ही में अहान को भंसाली के दफ्तर के बाहर स्पॉट किया गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## अहान के फैंस हुए क्रेजी

अहान पांडे के फैंस क्रेजी हो रहे हैं कि क्या वे भंसाली के साथ फिल्म करने वाले हैं? नेटिजन्स लिख रहे हैं, अहान और भंसाली...अगर वाकई दोनों साथ आते हैं तो कुछ धमाल होगा। एक यूजर ने लिखा, अगर अहान और संजय लीला भंसाली साथ काम करते हैं तो यह एक बड़ी डील होगी।



# होमबाउंड फिल्म देखकर अनीत ने साझा की भावनाएं

## ईशान-जान्हवी को लेकर कहा

बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्री अनीत पड्डा ने हाल ही में फिल्म होमबाउंड देखने के बाद अपने भावनाओं को साझा किया। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव को खुलकर लिखा और बताया कि वो फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गईं।


अनीत ने इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरी में लिखा कि फिल्म को निर्देशक नीरज घेवान ने जिस संवेदनशीलता और धैर्य के साथ पेश किया, वो अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि निर्देशक ने कहानी को बेहद नाजुक, लेकिन मजबूत तरीके से प्रस्तुत किया। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि जिस तरीके से नीरज ने किरदारों को समझा और उनके भावों को पर्दे पर उतारा, वह फिल्म को देखने के अनुभव को लंबे समय तक जीवंत बनाए रखता है।

### कलाकारों की भी तारीफ

फिल्म में ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा नजर आ रहे हैं। फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन ना कर पा रही हो, लेकिन अनीत ने स्टारकास्ट के काम की सराहना करते हुए लिखा कि इन कलाकारों ने पूरी ईमानदारी और साहस के साथ निर्देशक की दृष्टि को पर्दे पर उतारा। उन्होंने बताया कि फिल्म के माध्यम से दर्शकों को अपने जीवन के अंशों से जुड़ाव महसूस हुआ और यह अनुभव बहुत ही व्यक्तिगत और संवेदनशील था।

### करण जौहर को कहा धन्यवाद

अनीत पड्डा ने निर्माता करण जौहर का भी धन्यवाद किया और कहा कि उनकी फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने जो प्रयास किया, वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने कहा, मैं नम आंखों के साथ बाहर निकली, लेकिन काफी हल्कापन महसूस हुआ। इसके लिए धन्यवाद।




### फिल्म की कहानी


होमबाउंड में ईशान का किरदार शोएब और विशाल का किरदार चंदन मापूर की पृष्ठभूमि में अपनी महत्वाकांक्षाओं, सामाजिक पूर्वाग्रहों और दोस्ती की कसौटी पर खड़े उतरते है या नहीं, यही दिखाया गया है। कहानी में दोनों के व्यक्तिगत और पेशेवर संघर्ष दिखाए गए हैं, जो उनके सपनों और रिश्तों को चुनौती देते हैं। चंदन पुलिस की परीक्षा में सफल हो जाता है, जबकि शोएब असफल हो जाता है, जिससे उनकी दोस्ती पर असर पड़ता है।

### फिल्म को मिली अंतरराष्ट्रीय मान्यता

फिल्म को धर्मा प्रोडक्शन्स के तहत निर्मित किया गया और इसे भारत की आधिकारिक प्रविष्टि 2026 ऑस्कर के लिए चुना गया। इसके अलावा फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर कर अपनी कला का लोहा मनवाया।



# क्या साथ काम करने वाले हैं करण जौहर और मलाइका अरोड़ा?



फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर और एक्ट्रेस-मॉडल मलाइका अरोड़ा साथ काम करने वाले हैं। किसी आगामी प्रोजेक्ट में दोनों के बीच साझेदारी हुई है। दरअसल, इस तरह के दावे उस टीजर वीडियो की रिलीज के बाद किए जा रहे हैं, जो आज बुधवार को करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से शेयर किया है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे और मलाइका फोन पर क्रिप्टिक अंदाज में बात कर रहे हैं, जिसमें कचिंग कचिंग की साउंड सुनाई दे रही है। करण जौहर ने बहुत ज्यादा डिटेल तो शेयर नहीं की हैं, मगर आने वाले दिनों में इससे जुड़ी अधिक जानकारी देने की बात करी है।

### जल्द बताएंगे क्या है कचिंग?

वीडियो में करण जौहर फोन पर मलाइका से कहते हैं, हे मल्ला...कचिंग कचिंग कचिंग। उधर से मलाइका कहती हैं, कचिंग कचिंग। इसके बाद करण जौहर दर्शकों की तरफ देखते हुए कहते हैं, कचिंग के बारे में जानना चाहते हैं? तो बने रहिए साथ। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कचिंग! ये साउंड नहीं, टेकओवर है। इसके अलावा लिखा है, बिग आइडिया बिग मनी।

# मैं मौजूदा स्थिति को चुनौती देने से कभी नहीं डरी



हाल ही में आईएमडीबी की पिछले 25 वर्षों में भारतीय सिनेमा की सबसे अधिक चर्चित हस्तियों की सूची जारी हुई थी। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने इसमें टॉप पांच में जगह बनाई थी। दीपिका ने कहा कि उन्हें अक्सर बताया जाता था कि एक महिला के रूप में उन्हें अपने करियर की राह कैसे तय करनी चाहिए, लेकिन वह कभी भी मौजूदा स्थिति को चुनौती देने से नहीं डरीं। इस सूची में शाहरुख खान पहले स्थान पर रहे, आमिर खान और ऋतिक रोशन दूसरे स्थान पर रहे, और दीपिका पादुकोण तीसरे स्थान पर रहीं। दीपिका पादुकोण ने एक इंटरव्यू में कहा, जब मैंने अपना सफर शुरू किया था, तो मुझे अक्सर बताया जाता था कि सफल होने के लिए एक महिला को अपना करियर कैसे तय करना चाहिए या उससे क्या अपेक्षा की जाती है। हालांकि, शुरू से ही मैं सवाल पूछने, लोगों को नाराज करने, मुश्किल रास्ते पर चलने और मौजूदा स्थिति को चुनौती देने से कभी नहीं डरी ताकि हम सभी से जिस ढांचे में ढलने की उम्मीद की जाती है, उसे नया रूप दे सकूं।

इसके साथ ही दीपिका पादुकोण ने फैंस को उनके फैसलों के साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद भी कहा। दीपिका ने आगे कहा, मेरे परिवार, प्रशंसकों और सहयोगियों का मुझ पर जो भरोसा रहा, उसने मुझे अपने फैसले लेने और चुनने की हिम्मत दी है। मुझे उम्मीद है कि यह रास्ता आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा बदलाव लाएगा। भारतीय सिनेमा के 25 सालों पर आईएमडीबी की रिपोर्ट इस विश्वास को मजबूत करती है कि ईमानदारी, प्रामाणिकता और लचीलापन महत्वपूर्ण हैं, और अपने मूल सिद्धांतों पर डटे रहकर बदलाव लाना संभव है। बता दें कि हाल ही में दीपिका पादुकोण को फिल्म कल्कि एडी 2898 से बाहर किया गया था। इसके बाद उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट में अपने फैसलों के साथ खड़े होने की बात कही थी। इससे पहले उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म से भी हटाया गया था।


# द ताज स्टोरी देखे बगैर दर्शक कोई राय न बनाएं

द ताज स्टोरी के नए पोस्टर को लेकर उठे विवाद पर फिल्म के निर्माता और दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। परेश रावल के साथ जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास अभिनीत यह फिल्म चर्चा में तब आई, जब हाल ही में जारी पोस्टर में परेश रावल को ताजमहल के गुंबद को हाथों में थामे दिखाया गया, जिसके भीतर शिवलिंग स्थापित था। सोशल मीडिया पर मचे बवाल के बाद मेकर्स ने स्थिति साफ करने का निर्णय लिया।

गौरतलब है कि इससे पहले परेश रावल ने एक पोस्टर साझा किया था और कैप्शन में लिखा था- क्या हो, अगर अब तक आपको सिखाई गई हर बात झूठ हो? सच्चाई सिर्फ छिपी नहीं है, बल्कि उसका फैसला किया जा रहा है। द ताज स्टोरी के साथ 31 अक्टूबर को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में सच को उजागर करें।) स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत द ताज स्टोरी, जिसे तुषार अमरीश गोयल ने लिखा और निर्देशित किया है, में परेश रावल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।



# ओटीटी से फिल्म इंडस्ट्री में सभी को फायदा हुआ है



**ओटीटी के आने से फिल्मों की कमाई पर असर बड़ा है, पिछले काफी वक्त से यह एक बहस का मुद्दा बना हुआ है। अभिनेता आमिर खान का ऐसा मानना है कि थिएटर रिलीज के छह महीने बाद फिल्मों को ओटीटी पर आना चाहिए। उनका मानना है कि आजकल जो 2 महीने या आठ हफ्ते के बाद ही फिल्मों के ओटीटी पर आने से कमाई पर असर पड़ता है। अब अभिनेता अक्षय कुमार ने आमिर के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए आमिर की बात से असहमति जताई है। साथ ही अक्षय ने आमिर के बयान पर तंज भी कसा है।**

### तीन महीने का अंतराल ठीक है

बातचीत के दौरान अक्षय ने इस मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि मेरे हिसाब से तीन महीने का फासला ठीक है। छह महीने बहुत लंबा समय है क्योंकि आखिरकार, ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म आपको डिजिटल अधिकारों के लिए भुगतान कर रहा है। उन्हें भी इस सौदे से लाभ मिलना चाहिए। इस पूरी व्यवस्था को महामारी से पहले की स्थिति में वापस जाना चाहिए, जब सिनेमाघर और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों एक साथ मौजूद थे और अच्छे से साथ-साथ चलते थे।

इस दौरान अक्षय ने दावा किया कि निर्माताओं, जिनमें वो भी शामिल हैं, को ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना चाहिए। साथ ही अपनी फिल्मों के कंटेंट को लेकर भी सचेत रहना चाहिए। इसी दौरान आमिर के बयान पर इशारों-इशारों में ताना मारते हुए अक्षय ने कहा, 'जब डिजिटल राइट्स की बिक्री की बात आती है, तो निर्माता खुशी-खुशी ओटीटी प्लेटफॉर्म से पैसा ले लेते हैं। लेकिन जब हम चाहते हैं, तो हम आसानी से कह देते हैं कि हमारी फिल्में ओटीटी की वजह से नहीं चल रही हैं। हम यह नहीं सोचते कि शायद हम सही फिल्में नहीं बना रहे हैं।' हालांकि, अक्षय ने यहां आमिर या किसी का भी नाम नहीं लिया। लेकिन यह बयान आमिर के बयान पर प्रतिक्रिया जरूर मालूम पड़ता है।


### मुझे फिल्में बनाने के अलावा कुछ नहीं आता

अक्षय ने यह भी स्वीकार किया कि वह अपनी फिल्मों के लिए प्रतिभाओं की तलाश में भी काफी ओटीटी कंटेंट देखते हैं। उनका मानना है कि ओटीटी के आने फिल्म इंडस्ट्री में सभी को फायदा हुआ है। अक्षय ने कहा कि मेरे पास फिल्में बनाने के अलावा कोई और काम नहीं है। चूंकि मैं पढ़ा-लिखा नहीं हूं, इसलिए मैं सिर्फ फिल्में ही बनाता हूं। इसलिए मुझे ओटीटी देखने के लिए काफी समय मिलता है।

### ओटीटी पर जल्द फिल्मों के लाने के खिलाफ हैं आमिर

आमिर खान अक्सर ओटीटी को फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर न चलने की एक वजह मानते हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने कहा था कि जब लोगों को फिल्मों के रिलीज के कुछ ही वक्त बाद घर बैठे फिल्म देखने को मिल जाएगी, तो वो क्यों सिनेमाघरों में जाएंगे।

हालांकि, आमिर का ये भी कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ नहीं हैं। हाल ही में आमिर ने अपनी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को भी थिएटर्स के बाद किसी ओटीटी पर नहीं रिलीज किया। बल्कि उन्होंने यूट्यूब पर फिल्म को पे-पर-व्यू मॉडल के तहत लाया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in